'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 17 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए मंगलवार, 02 अप्रैल 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## आम चुनाव के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने आज हरियाणा का दौरा किया, समीक्षा बैठक की

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चण्डीगढ़, 1 अप्रैल।** हरियाणा में 25 मई को 6वें चरण में होने वाले लोकसभा के आम चुनाव के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने आज हरियाणा का दौरा किया और चुनाव प्रबन्धों को लेकर हरियाणा के मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद की अध्यक्षता में चण्डीगढ़ में समीक्षा बैठक की।



मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद की अध्यक्षता में आज यहां हुई इस बैठक में सम्बंधित विभागों के प्रशासनिक सचिव व पुलिस महानिदेशक भी उपर्सथित थे। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त श्री हिरदेश कुमार, उप निर्वाचन आयुक्त श्री अजय भादू व सचिव श्री सौम्याजीत घोष मौजूद रहे।

मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से हरियाणा ने भारत निर्वाचन आयोग से केंद्रीय सुरक्षा बलों की 200 कम्पनियों की मांग की है जिसमें से 15 कम्पनियां आ चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 19810 पोलिंग केंद्र बनाए जाएंगे, जिनमें सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसके अलावा, सभी पोलिंग केंद्रों का सम्बंधित जिला निर्वाचन अधिकारी दौरा कर चुके है।

इस बैठक में हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग की टीम को बताया कि प्रदेश में दिव्यांगजन व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए है। उन्हें घर से मतदान केंद्र तक लाने व छोडने के लिए सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा, मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा में शत प्रतिशत फोटो युक्त पहचान पत्र बनाए जा चुके है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल, वित विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विनित गर्ग, स्कूल शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती जी अनुपमा, पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ट अधिकारी भी मौजूद रहे।

## रोहतक के भाजपा सांसद ने जनप्रतिनिधि की कार्यकुशलता को सबसे निचले पायदान पर पुहंचाया : दीपेंद्र हुड्डा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** ये देखकर बड़ा दुख होता है कि रोहतक के वर्तमान भाजपा सांसद ने जनप्रतिनिधि के तौर पर कर्मठता से काम नहीं किया और विकास कार्यों के मामले में प्रदेशभर में सबसे निचले पायदान पर रहे। इस उपेक्षा का बदला आगामी चुनाव में जनता वोट की चोट से लेगी। यह कहना है राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का। वो उस आंकड़े पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिससे पता चलता है कि इलाके के विकास की खातिर मिलने वाली अपनी निधि को खर्च करने में रोहतक के सांसद सबसे फिसड्डी साबित हुए हैं। इससे विकास व इलाके के प्रति सांसद की गंभीरता व संवेदनशीलता का पता चलता है। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में रोहतक को हज़ारों



करोड़ की परियोजनाएं मिलीं। इलाके में कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की परियोजनाएं स्थापित हुईं। लेकिन मौजूदा सांसद ऐसी कोई परियोजना इलाके में स्थापित करना तो दूर, अपनी पूरी सांसद निधि भी खर्च नहीं कर पाए और पूरे कार्यकाल में सांसद निधि से केवल ढाई करोड़ रुपये ही खर्च कर पाए। दीपेंद्र ने कहा कि सत्तारुढ़ सांसद की निष्क्रियता से रोहतक की जनता आहत है। क्योंकि यह वो लोकसभा क्षेत्र है जिसके आशीर्वाद से वो विपक्ष में रहते हुए भी सर्वश्रेष्ठ सांसद चुने गए थे।

दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि विडंबना देखिए, 5 साल में खुद के काम का हिसाब देने की बजाए, मौजूदा भाजपा सांसद हमसे कोरोना काल का हिसाब मांग रहे हैं। जबकि जनता ने वोट देकर उनको सांसद चुना था और देश व प्रदेश में उनकी सरकार थी। लेकिन चुनावी हार के बावजूद हमने लोगों की सेवा की और कभी हिम्मत नहीं हारी। हमारी गवाही जनता देगी कि महामारी के उस दौर में हम कहां थे और क्या कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक राजनीतिक प्रतिनिधि नहीं बल्कि एक इंसान होने के नाते कोरोना काल में हमने टीम दीपेंद्र के माध्यम से पूरे हरियाणा, दिल्ली एनसीआर, पंजाब और देश के विभिन्न हिस्सों में सैंकड़ों ज़िंदगियों को बचाया और हज़ारों लोगों तक मदद पहुंचाई। शक्तियां व संसाधन सीमित होते हुए भी टीम दीपेंद्र ने उस जनता को बचाने के लिए दिनरात कोशिशें कीं, जिसे सरकार ने मरने के लिए अपने हाल में छोड़ दिया था। सरकार से निराश होकर मदद के लिए चीखती उस टाइम की आवाज़ें आज भी ज़हन में गूंजती हैं। हम उन आवाज़ों को ना सिर्फ सुन रहे थे, बल्कि उन्हें उम्मीद, ऑक्सीजन, दवाई, हॉसपिटल बेड, ईलाज व डॉक्टर मुहैया करवा रहे थे। दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने पूछा कि हमसे सवाल पूछने वाले सांसद और उनकी प्रदेश व केंद्र सरकार बताए कि महामारी के उस दौर में वो कहां थे? क्यों इलाके में उनकी गुमशुदगी के पोस्टर छपे थे?






# पृथला विधानसभा में बीजेपी को मजबूत कर रहे हैं बिजेंद्र नेहरा : कृष्णपाल गुर्जर

## पृथला विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के टिकट के बिजेन्द्र नेहरा बने सबसे मजबूत दावेदार, कार्यालय उद्घाटन में पहुंचे हज़ारों लोग





### यह कार्यालय पृथला विधानसभा की जनता को समर्पित है : बिजेंद्र नेहरा

कार्यालय उद्घाटन के मौके पर जब बिजेंद्र नेहरा से पूछा गया कि क्या उन्होंने लोकसभा चुनाव और उसके बाद विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए कार्यालय खोला है ?, तो उनका कहना था कि यह कार्यालय पृथला विधानसभा की जनता को समर्पित है। इस कार्यालय के जरिये सभी वर्ग महिला, युवा, किसान और गरीब वर्ग के पास जनसंपर्क कर उनके पास मोदी सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का काम करेंगे और साथ ही लाभार्थियों से संपर्क करना भी जरुरी है।



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा के कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप मैं केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने किया। यह कार्यालय पृथला विधानसभा के गांव साहुपुरा में जाट चौक पर सेक्टर–65 में खोला गया है। बिजेंद्र नेहरा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, राज्य मंत्री सीमा त्रिखा, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, भाजपा युवा नेता देवेंद्र चौधरी मुख्य रूप से उपर्सतिथ रहे।

इस कार्यक्रम में हज़ारों की संख्या में पहुंचे लोगों का हुजूम देख कर ही पता चल रहा था की बिजेंद्र नेहरा से उनका कितना गहरा नाता है।

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि बिजेन्द्र नेहरा ने बहुत अच्छी जगह कार्यालय खोला है और यहाँ से नेहरा राजनीति में बहुत आगे जाएँगे। कृष्णपाल गुर्जर जी ने बिजेंद्र नेहरा के कार्यालय उद्घाटन के मौके पर कहा कि नेहरा जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं उसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है।

कृष्णपाल गुर्जर जी ने कहा कि नेहरा जी बहुत अच्छे वक्ता भी है इसलिए नेहरा को बीजेपी हरियाणा का प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बिजेंद्र नेहरा पृथला विधानसभा में बेहद लोकप्रिय हैं जल्द ही उन्हें बीजेपी की ओर से कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। राज्य मंत्री सीमा त्रिखा ने कार्यालय उद्घाटन पर नेहरा को बधाई देते हुए कहा कि बिजेंद्र नेहरा इस कार्यालय के माध्यम से पृथला विधानसभा को विकास की ओर ले जाएंगे। सीमा जी ने कहा कि नेहरा जी टीवी डिबेट में बीजेपी के पक्ष को मज़बूती से रखते है।

भाजपा ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि बिजेन्द्र नेहरा बीजेपी के सच्चे सिपाही है नेहरा पार्टी संगठन के सर्पित कार्यकर्ता है। आज भाजपा पृथला क्षेत्र कार्यालय उद्घाटन होने से ग्रामीण क्षेत्र में भी बीजेपी को मज़बूती मिलेगी। युवा भाजपा नेता देवेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा के लिए कार्यालय मंदिर के समान है नेहरा जी पार्टी के युवा नेता है और लगातार बीजेपी को पृथला क्षेत्र में मज़बूत कर रहे है।

सभी नेताओ और जनता का धन्यवाद आयोजक बिजेन्द्र नेहरा ने किया। नेहरा ने कहा कि वह गाँव ग़रीब और किसान के बेटे है जनता का प्यार और आशीर्वाद हमेशा उनके साथ रहा है। नेहरा ने कहा कि में पृथला विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा में समर्पित हूँ। बिजेन्द्र नेहरा ने कहा की लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज हो चुका है फरीदाबाद सीट से दो बार रिकॉर्ड बहुमत के साथ जीत दर्ज़ करने वाले और लगातार तीसरी बार बीजेपी की इस सीट पर लोकसभा उन्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर जनता के आशीर्वाद से जीत की हैट्रिक लगायेंगे।



जानकारी के लिए बता दें कि बिजेंद्र नेहरा को हरियाणा भाजपा सरकार में राष्ट्रिय स्तर पर चलाए गए अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा में फरीदाबाद जिला कोर्डिनेटर की बड़ी जिम्मेदारी दी गयी थी और वर्तमान मैं बिजेन्द्र नेहरा की कार्यशैली और लगन को देखते हुए उन्हें भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है।

पृथला विधानसभा में बिजेंद्र नेहरा के कार्यालय खुलने से और बीजेपी के सभी मंत्री नेता आने से अब राजनितिक गलियारे में यह चर्चा है की इस बार वह बीजेपी से पृथला विधानसभा से चुनाव लड़ सकते हैं। जब बिजेन्द्र नेहरा से पूछा गया कि क्या वह विधानसभा चुनाव की तयारी कर रहे हैं तो उनका कहना था कि पार्टी संगठन ने अगर उन्हें मौका दिया तो में पृथला विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं।

पृथला विधानसभा में कार्यालय खोलने की वजह बताते हुए नेहरा ने कहा कि आज पूरा देश माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्प ले चुका है और इसी संकल्प में आहूती डालने के लिए इस कार्यालय की स्थापना की गयी है।

इस अवसर पर देवेन्द्र चौधरी, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल भूरा, सोहनलाल छौंकर, वजीर डागर, सुखबीर मलेरना, पारस जैन, सुनील खुटेला, धर्मेंद्र फ़ोज़ी, विनोद सोलंकी, गजेंद्र रावत, तेजपाल बघेल सरपंच, अवतार सारंग के अलावा विभिन्न गांव के पंच सरपंच एवं हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अमृता हॉसपिटल फरीदाबाद बना मरीज के हृदय में हार्मनी वाल्व लगाने वाला एशिया का पहला अस्पताल



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अमृता अस्पताल फरीदाबाद ने हार्मनी ट्रांसकैथेटर पल्मोनरी वाल्व (टीपीवी) प्रणाली का उपयोग करके दो पल्मोनरी वाल्व प्रतिस्थापन सफलतापूर्वक किए हैं, जिससे यह अस्पताल इस उन्नत प्रक्रिया का उपयोग करने वाला भारत के साथ-साथ एशिया का पहला अस्पताल बन गया है। यह सर्जरी 42 वर्षीय पुरुष और 24 वर्षीय महिला पर की गई। ये दोनों बहुत ही कम उम्र में टेट्रालॉजी ऑफ फैलोट नामक दिल की बीमारी से पीड़ित थे। इस स्थिति का इलाज करने के लिए, वाल्व में रुकावट को दूर करने के लिए हृदय के वाल्वों में से एक (पल्मोनरी वाल्व) को हटाने की आवश्यकता होती है। इससे वाल्व में रिसाव हो जाता है जिसे वर्षों तक सहन किया जाता है लेकिन अंतत:, ज्यादातर मामलों में, वाल्व को धीरे-धीरे लीक होने और हृदय की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए एक नए वाल्व की आवश्यकता होती है। दोनों मरीजों को वाल्व लीक होने की समस्या का सामना करना पड़ा। उनकी स्थानीय स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रारंभिक परामर्श के बाद, उन्हें अमृता अस्पताल फरीदाबाद के कार्डियोलॉजी विभाग में भेजा गया, जहाँ उन्हें अपनी चुनौतियों से उबरने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सर्जरी प्राप्त हुई।

अमृता अस्पताल फरीदाबाद के पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. एस. राधाकृष्णन ने कहा, दुर्लभ होते हुए भी, फैलोट की टेट्रालॉजी हर साल 2,500 नवजात शिशुओं में से लगभग एक को प्रभावित करती है, जिससे यह अधिक सामान्य जन्मजात हृदय विकारों में से एक बन जाती है। यह जन्म दोष ऑक्सीजन की कमी के कारण सायनोसिस या शरीर का नीलापन उत्पन्न करता है, जो गंभीर होने पर जीवन के लिए खतरा हो सकता है। सुधारात्मक सर्जरी आम तौर पर सायनोसिस का समाधान करती है, जिससे मरीज़ सामान्य जीवन जीने में सक्षम होते हैं। हालाँकि, दशकों बाद, पल्मोनरी वाल्व के लीक होने के कारण थकान और सांस फूलना हो सकता है। ओपन-हार्ट सर्जरी की आवश्यकता के बिना खराब वाल्व को प्रतिस्थापित करके, हार्मनी वाल्व एक नया विकल्प प्रदान करता है। यह नवीन रणनीति रोगियों को एक गैर-पारंपरिक लेकिन सफल उपचार विकल्प प्रदान करती है, जो हृदय देखभाल में एक बड़ी प्रगति का प्रतीक है। अमृता अस्पताल फरीदाबाद के पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉ. सुशील आजाद ने कहा, हार्मनी टीपीवी इंसर्शन प्रक्रिया, जो दो घंटे तक चली, इसमें मरीज के पैर की नस तक पहुंचना और निर्दिष्ट स्थान पर प्रीलोडेड वाल्व को डालना शामिल था, यह सब बिना किसी ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता के किया गया। यह सर्जरी सहज और सरल थी। यह मिनिमल इनवेसिव दृष्टिकोण तेजी से रिकवरी सुनिश्चित करता है, मरीजों को आम तौर पर 2 दिनों के भीतर बिना किसी घाव के छुट्टी दे दी जाती है।

अमृता अस्पताल फरीदाबाद के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजीव सिंह ने कहा, अमृता अस्पताल फरीदाबाद में हमें इस प्रक्रिया को करने वाला एशिया का पहला अस्पताल होने पर गर्व है। हमारी टीम अपने मरीजों को एक मिनिमली इनवेसिव समाधान प्रदान करने में सक्षम होने के लिए खुशी और कृतज्ञता से भरी हुई है जो जन्मजात हृदय स्थितियों के उपचार में क्रांति लाती है। यह माइलस्टोन नवीन और प्रभावी उपचार प्रदान करने के प्रति हमारे समर्पण की पुष्टि करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे रोगियों को सर्वोत्तम संभव देखभाल मिले। इस माइलस्टोन के साथ, हम हृदय देखभाल की किताब में एक नया पृष्ठ बदलने की उम्मीद करते हैं। प्रक्रिया के बाद दोनों मरीजों की नियमित जांच की जा रही है। दोनों रोगियों की प्रक्रिया के एक महीने बाद प्रारंभिक जांच हुई। इसके बाद के चेक-अप छह महीने के अंतराल पर निर्धारित किए जाते हैं, उसके बाद वार्षिक चेक-अप होते हैं। मैं केवल 2 दिनों के भीतर दर्द-मुक्त और बिना किसी दृश्यमान निशान के छुट्टी पाकर रोमांचित था। यह एक चमत्कार जैसा लगा! 42 वर्षीय मरीज ने कहा। एक सप्ताह के भीतर, मैं अपनी दैनिक दिनचर्या फिर से शुरू करने में सक्षम हो गई हूं। मैं वास्तव में शीघ्र स्वस्थ होने और आसान उपचार की सराहना करती हूं और आभारी हूं। दूसरे ने कहा।

# पंचम श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव-2024 हर्षोउल्लास के साथ मनाया

**मेरी बिगड़ी बनाने वाला श्याम सांवरा, सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं**

**भजन गायक राज पारीक, पलविन्दर पलक व दिनेश सुशेलिया ने शानदार प्रस्तुति दी**

**श्री लखदातार सेवा ट्रस्ट ने किया आयोजन**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** श्री लखदातार सेवा ट्रस्ट बल्लभगढ़ द्वारा सीकरी में शनिवार रात दीप फॉर्म हाउस में आयोजित पंचम श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव-2024 बेहद हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव का मुख्य आकर्षण खाटूधाम की थीम पर सजा श्याम दरबार रहा। इसके अलावा दरबार के बीच में श्री श्याम बाबा विराजित थे। वहीं दोनों ओर गणेश जी, हनुमान, शिव पार्वती और बांके बिहारी विराजित थे। महोत्सव ग्वालियर श्री श्याम हवेली से श्री श्याम भक्त श्याम भैय्या के सानिध्य में बेहद श्रद्धा से मनाया गया। महोत्सव की शुरूआत विधी विधान से की गई पूजा से हुई। इस दौरान प्रदेश के उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा, पूर्व पार्षद राव राम कुमार, निवर्तमान पार्षद दीपक चौधरी, कांग्रेस नेता गिरीश भारद्वाज, आप नेता रविंद्र फौजदार, समाजसेवी बिट्टू पंजाबी, भाजपा नेता जितेंद्र बंसल सहित अनेकों राजनेताओं व समाजसेवियों ने भगवान खाटू श्याम के दरबार में अपनी हाजिरी दी। इस दौरान ट्रस्ट के चेयरमैन श्यामसुदंर गोयल, वाइस चेयरमैन महेंद्र बंसल, प्रधान बृजभूषण गोयल, सरंक्षक रवि सिंगला, संयोजक प्रदीप गुप्ता, सलाहकार प्रमोद डिबड़ेवाल, उपप्रधान मुरारी लाल गर्ग सहित ट्रस्ट के सभी पदाधिकरियों ने आए हुए अतिथियों व भजन गायकों का अभिवादन किया।

महोत्सव में कोलकाता से भजन गायक राज पारीक ने भजनों के माध्यम से शानदार प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय कर दिया। उन्होंने 'मेरी बिगड़ी बनाने वाला श्याम सांवरा' सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए है..और 'आयो सांवरियो सरकार लीले पे चढ के' भजन की शानदार प्रस्तुति दी। इस बीच फतेहबाद पलविन्दर पलक ने अपने भजनों के माध्यम से भक्तों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। उन्होंने 'कलयुग में बाबा तेरा जोर है पकड़ो ना हाथ ये कमजोर है' 'हारे का तू तो सहारा है, सारी दुनिया में यहीं शोर है और 'हारा हूं बाबा पर तूझ पर भरोसा है जीतूंगा एक दिन यह दिल कहता है' नामक भजन पर भक्त पूरी तरह भक्तिमय हो गए। इस दौरान झुंझुनू राजस्था के दिनेश सुशेलिया ने अपने भजनों के माध्यम से अपनी शानदार प्रस्तुति दी। महोत्सव में मंच का संचालन वेद वशिष्ठ ने किया। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महोत्सव में जोरशोर से हिस्सा लिया। महोत्सव से पहले शनिवार सुबह गाजे बाजे के साथ भव्य निशान यात्रा निकाली गई।

## केदारनाथ अग्रवाल लगातार चौथी बार बने प्रदेश संगठन मंत्री

**समाचार गेट ब्यूरो**



**फरीदाबाद।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के अध्यक्ष अशोक वुवानीबाला ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें एनआईटी फरीदाबाद निवासी केदारनाथ अग्रवाल को लगातार चौथी बार प्रदेश में संगठन मंत्री का दायित्व दिया गया है। केदारनाथ अग्रवाल ने इस जिम्मेवारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष अशोक वुवानीवाला का आभार प्रकट करते हुए कहा कि समाज ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है। वह उसको तन मन धन से निभाने की पूरी कोशिश करते हुए समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। केदारनाथ अग्रवाल पिछले लगभग 20 सालों से समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहते हैं। वह अपने समाज को संगठित करने के अलावा रक्तदान के क्षेत्र में विशेष कार्य कर रहे हैं।

# राइजिंग स्टार सीजन 1 ने जीता लोगों का दिल




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद शहर में एक ऐसा इवेंट हुआ जिसने न केवल बच्चों को बल्कि बड़ों को भी प्रेरित किया। जी हा हम बात कर रहे है राइजिंग स्टार सीजन 1 की जिसका आयोजन कम्युनिटी कनेक्ट सर्विस ने किया और इस इवेंट की खासियत यह थी इस ह्यद्धश्2 की शुरुआत ह्रस्ह्ल के बच्चों की परफॉरमेंस के साथ की और एक संदेश पहुंचाया कि उनका समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है। इस इवेंट में 74 साल के प्रेम कुमार गांधी ने गाने के माध्यम से बताया कि आयु केवल एक अंक है और उन्होंने अपने उदाहरण से इसे साबित किया। साथ ही, 3 साल के बच्चे ने गाना गाकर लोगों का दिल जीता । यह इवेंट राइजिंग स्टार सीजन 1 को फरीदाबाद के स्कूल KR Mangalam World School में आयोजित किया गया।

इस अद्भुत समारोह में मुख्य अतिथि श्री राजेश नगर जी भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस समारोह के महत्व को बताया और उम्मीद जताई कि ऐसे ही और बड़े समारोह फरीदाबाद में आयोजित होंगे। इस इवेंट में उपस्थित लोगों ने इसे एक श्रेष्ठ मंच माना और कहा की हमे ऐसे मंच के लिए दिल्ली, नॉएडा जाना पडता था। हमे बहुत ख़ुशी है की अब हमे हमारे ही शहर में इस प्रकार के मंच मिलते रहेंगे। यह समारोह सुबह 9 :30 बजे से लेकर शाम 8:00 बजे चला। इस समारोह को इतना बड़ा बनाने के लिए कम्युनिटी कनेक्ट सर्विसेज Ms. Mukta bakshi (Principal KR Mangalam World School), और Radio maharani, और वहा आये सभी लोगों का धन्यवाद करता है।

# रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अरावली के शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान



**रोटरी ब्लड बैंक ने शहरवासियों से रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान करने की करी अपील**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सेक्टर-9 रोटरी ब्लड बैंक में रोटरी क्लब ऑफ़ फ़रीदाबाद अरावली ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें क्लब की प्रधान रोटेरियन प्रियंका बिष्ट बुधानी के नेतृत्व में कई रोटेरियन और रक्तदाताओं ने इस रक्तदान को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। रक्तदाताओं के सहयोग से इस रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस मौके पर रोटरी क्लब ऑफ़ फ़रीदाबाद अरावली के सेक्रेटरी रोटेरियन डॉ. आयुष गुप्ता, कैशियर रोटेरियन राजा जिंदल, प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन राजेश अरोड़ा ,रोटेरियन रश्मी महाजन, रोटेरियन मोहित आनंद भाटिया , रोटेरियन मोहित भाटिया , रोटेरियन गौरव अरोड़ा , रोटेरियन राजेश गुप्ता, रोटेरियन नितिन गुलाटी , रोटेरियन दीपांशु ओबेरॉय , रोटेरियन प्रभजीत सिंह , रोटेरियन संधीर मलिक ,रोटेरियन राखी गोयल ,रोटेरियन तनुज गोयल , रोटेरियन रीतेश गुम्बर , रोटेरियन राहुल ग्रोवर, रोटेरियन प्रिया गुप्ता सहित कई लोगों ने रक्तदान किया। इसके आलावा रोटरी ब्लड बैंक सीएमओ डॉ अंजू गुप्ता उपस्थित रही , इस शिविर में सर्वोदय हॉसपिटल की टीम ने भी रक्तदान किया । ज्यादा जानकारी देते हुए रोटेरियन दीपक प्रसाद कार्यकारी उपाध्यक्ष रोटरी ब्लड बैंक ने बताया की पिछले कुछ दिनों से बैंक में रक्त की कमी हो रही थी। जिसके बाद शहर के कई रक्तदाताओं को , रोटरी क्लब्स और सामाजिक संस्थाओं को सुचना दी गई। और देखते देखते आज रोटरी क्लब ऑफ़ फ़रीदाबाद अरावली ने कैम्प लगाकर थैलीसीमिया बच्चों की जान बचाने और किसी जरूरतमंद को सही समय पर रक्त मिले उस मदद को बनाये रखने मैं महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।रोटेरियन दीपक प्रसाद कार्यकारी उपाध्यक्ष रोटरी ब्लड बैंक ने सभी रोटेरियन का और रक्तवीरों का धन्यवाद किया। रोटेरियन दीपक प्रसाद ने बताया की आज रोटेरियन रश्मी महाजन का जन्मदिन था। उन्होंने इस दिन को खास बनाने के लिए रक्तदान किया ,वहीँ लोगों को जोड़कर इस रक्तदान शिविर में रक्त यूनिट बढ़ाने का भी काम किया। रोटरी क्लब ऑफ़ फ़रीदाबाद अरावली प्रधान रोटेरियन प्रियंका बिष्ट बुधानी ने कहा की क्लब नियमित रूप से रक्तदान शिविर लगाता रहता है। रोटेरियन दीपक प्रसाद का मैसेज मिलने के बाद हमारे क्लब ने इस बार रोटरी ब्लड बैंक में शिविर लगाया है आज इस रक्तदान में वह सभी रक्तवीरों का धन्यवाद करती है। उन्होंने कहा की कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरतमंद की मदद हो सकेगी। रक्तदान कोलस्ट्राल घटाने में मदद करता है। रक्तदान करने से शरीर में नया खून और नए सेल्स बनते हैं जो रक्त को पतला करते हैं। इसलिए रक्तदान करे फ़ीट रहे और लोगों को फ़ीट रहने में मदद करे।

# प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस मिलकर यातायात व्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाए: अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा

**ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वाली पार्किंग की करें पूरी जांच**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस मिलकर यातायात व्यवस्था को सुचारु ढंग से चलाए। जिला उप निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा आज सोमवार को सेक्टर-12 के लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों की सही पालना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा की कई इलाकों से लोगों की बड़े पैमाने पर शिकायते आ रही हैं की जिन इलाकों में विद्यालय है वहां ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाए ताकि सड़क हादसों को टाला जा सके और सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए जिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी को जो भी दायित्व मिला है। वह उसकी गंभीरता से पालना करना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सड़क सम्बन्धी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करें। सभी एसडीएम समय समय पर स्कूली बसों के जांच करें। जिन चौराहों पर पानी जमा होता है वहां पानी निकासी की व्यवस्था जाए।

**सड़क सुरक्षा व्यवस्था के लिए टिप्स:**

जिला उप निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वाली पार्किंग की पूरी जांच करना सुनिश्चित करें। सड़को, फुटपाथ और साइकिल ट्रैक पर से अवैध कब्जो को तुरंत प्रभाव से कानूनी कार्यवाही करते हुए हटवाना सुनिश्चित करें।

**शहर के अलग-अलग बनाए जोन**

जिला उप निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि शहर में जिन भी सड़को पर गड्ढे हो या सड़क टूटी हो उसका मुआयना कर उसको जल्द से जल्द ठीक करें। सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए पुलिस, प्रशासन और हाईवे के तकनीकी अधिकारी आपसी तालमेल करके कार्य को बेहतर तरीके से क्रियानवित करें। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सड़क सुरक्षा के नियमों अनुसार सड़क पर लगाई जाने वाली पटिया, जेब्रा क्रॉसिंग प्वाइंट और ग्रिल लगाने, टूटने पर ठीक करवाने सहित बरसाती पानी या गंदा पानी इकट्ठा होता है वहां उन स्थानों को चिन्हित करके वहां पर सभी समस्याओं को दूर करें।

**ये अधिकारी रहे मौजूद:**

सड़क सुरक्षा समीक्षा बैठक में एसडीएम बड़खल अमित मान, आरटीओ मुनीश सहगल, कार्यकारी अभियंता पीडब्ल्यूडी एंड बार प्रदीप संधू, यूएलबी, एफएमडीए, सीएमओ तथा एनएचएआई सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी और सड़क सुरक्षा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खेलों में दिव्यांग जनों की भागीदारी सराहनीय कार्य : राजेश नागर

**दो दिवसीय दिव्यांगजन बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बोले विधायक राजेश नागर**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सेक्टर-88 स्थित एसआरएस इंटरनेशल स्कूल में आयोजित दिव्यांगों जनों का दो दिवसीय बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट आज सम्पन्न हो गया। इसका आयोजन स्पेशल अचीवर्स ट्रस्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि दिव्यांग जनों का खेलों में भागीदारी करना सराहनीय कार्य है और ऐसे आयोजन करने वालों की भी प्रशंसा की जानी चाहिए। नागर ने कहा कि हमारी सरकारों ने खेलों को बहुत महत्व दिया है इसी के तहत खेलों को निरंतर उंचाई मिल रही है वहीं खिलाड़ियों की नई पीढ़ी आज देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे जिले से ही दो-दो खिलाड़ियों ने पैरालंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर इस बात को सिद्ध कर दिया है कि यदि इच्छा है तो कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने खेलों में भागीदारी करने वाले सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। नागर ने कहा कि वह जीवन में आगे बढ़ने की इच्छा रखने वालों के साथ खड़े रहते हैं। इसके लिए वह हमेशा उपलब्ध रहते हैं।

आज टूर्नामेंट का फाइनल मैच दिल्ली व मध्य प्रदेश के बीच खेला गया जिसमें विजेता दिल्ली ने बड़ा स्कोर करते हुए 63 अंक जुटाए जबकि मध्य प्रदेश की टीम 24 अंक ही अर्जित कर सकी। इससे पूर्व, टूर्नामेंट का पांचवां मैच उत्तर प्रदेश व हरियाणा के बीच खेला गया जिसमें विजेता उत्तर प्रदेश ने हरियाणा को 4 अंक से हरा दिया। उत्तर प्रदेश का स्कोर 12 व हरियाणा का 8 अंक रहा। छठा मैच दिल्ली व मध्य प्रदेश के बीच हुआ जिसमें दिल्ली ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए 61 अंक बनाए जबकि मध्य प्रदेश 12 अंक ही जुटा सका। टूर्नामेंट में स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल, अमृता अस्पताल के डायरेक्टर स्वामी निजमृतानंद पुरी, वरिष्ठ आरएसएस पदाधिकारी गंगाशंकर मिश्रा, राजकुमार मक्कड़, शिव विनायक शर्मा, वृंदा खन्ना, नेहा शालिनी दुआ, विभा राज वल्लभी, एचएस छाबरा, डा. पूजा कपूर, अनुराग गर्ग मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल, स्पेशल अचीवर्स ट्रस्ट मि चेयरपर्सन माधवी हंस, ट्रस्टी पंकज हंस, टोनी पहलवान, अशोक ढल्ल, गगन हंस, हरबीर वैष्णव, मनोरंजन तिवारी, रोहित चौधरी व हरी पिलानिया आदि ने टूर्नामेंट के संचालन में अहम योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन भारद्वाज ने गया।

# उम्मीदवार आदर्श आचार संहिता के नियमों की उल्लंघना न करें : जिला उप निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा

**जिला उप निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा ने विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ फ्री एण्ड फेयर चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए किए गए प्रबंधों बारे की मंत्रणा**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला उप निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में सभी राजनीतिक पार्टियों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करें। जिला उप निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा आज सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। जिला उप निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि 18 वीं लोकसभा चुनाव प्रक्रिया को भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार फ्री एंड फेयर / Free and Fair व सुचारू रूप से सम्पन्न करवाया जाना है, जिसमें भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आदर्श आचार संहिता और/ Model Code of Conduct Prevention of defacement of property Act का पूर्णतया: पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी उम्मीदवार चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करेगा। ऐसा करने पर उसके विरुद्ध एफ.आई.आर. भी दर्ज हो सकती है। वहीं निर्वाचन आयोग की हिदायतों




के अनुसार बिना अनुमति के अगर उम्मीदवार के समर्थक भी खर्चा करते हैं, तो उनके विरुद्ध भी कार्यवाही होगी।

**यह करना होगा उम्मीदवारों को:**

जिला उप निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि चुनाव के दौरान कोई भी जनसभा बिना परमिशन के नहीं की जाएगी। वाहन, लाउडस्पीकर आदि सभी की परमीशन प्राप्त करके चुनाव कार्य करवाया जाए। उम्मीदवार द्वारा जिस स्थान पर जन सभा करवाई जाए उस स्थान की जन सभा के बाद सफाई आदि साथ-2 करवाई जाए। राजनैतिक दलों से यह भी अनुरोध किया जाए कि किसी भी प्रकार की चुनाव सामग्री में प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया जाना है, क्योंकि प्लास्टिक के प्रयोग पर पूर्णत: पाबंदी है। मतदान वाले दिन पोलिंग बूथ पर सेल्फी लेने और वोट डालते समय विडियो या फोटो खींचने पर पूर्णत: पाबंदी है, यदि ऐसा किया गया तो उस पर चुनाव नियमों के तहत कार्यवाही होगी।

**यह तो कतई नहीं करेंगे उम्मीदवार:**

जिला उप निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार अपनी सभा में एक-दूसरे उम्मीदवार के विरूद्ध गलत भाषण बाजी नही करेंगे अर्थात भाषणों में किसी धर्म, जाति या समुदाय के खिलाफ कोई अपशब्द नहीं बोलेगे और किसी व्यक्ति की निजी बुराई नहीं करेंगे। जुलूस का आयोजन करने वाले दल या प्रत्याक्षी को पहले ही कार्यक्रम के बारे में पुलिस अधिकारियों को सूचना देनी होगी, ताकि वह शानित एवं व्यवस्था बनाये रखने का पर्याप्त इंतजाम कर सकें। रैली व रोड शो के समय ट्रैफिक के नियमों का पालन किया जाए। चुनाव जुलूस की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि जहां तक हो सके उन्हे सड़क की दाई ओर रखा जाए और ड्यूटी पर तैनात पुलिस के निर्देश और सलाह का कडाई से पालन किया जाए। चुनाव प्रचार के लिए किसी भी पशु-पक्षी आदि जीव का इस्तेमाल नही किया जाना है। चुनाव प्रचार में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को शामिल नहीं किया जाना है। कोई भी पोलिंग एजेंट पोलिंग स्टेशन के अंदर फोन लेकर नहीं जाएगा। चुनाव के समय कोई भी कैंडिडेट पोलिंग स्टेशन के 200 मीटर के अन्दर प्रचार सामग्री नही लाएगा और न ही कोई बूथ स्थापित करेगा। पोलिंग के दौरान पोलिंग स्टेशन से 200 मीटर की दूरी पर केवल एक मेज, दो कुर्सी व एक छाता ही डालकर अपना बूथ स्थापित कर सकता है।

**लोक सभा चुनाव में उम्मीदवार कर सकते हैं यह खर्चा:**

जिला उप निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक उम्मीदवार को चुनाव के समय राशि रूपये 95,00,000/- (रूपये पिच्चानवय लाख) अपने चुनाव आदि पर खर्च कर सकते है। लोकसभा के चुनाव में जनरल उम्मीदवार द्वारा रूपये 25,000 की राशि तथा अनुसूचित जाति के उम्मीदवार द्वारा राशि रूपये 12,500/- जमानत के रूप में जमा करवानी होंगी। जिला उप निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद के सभी छ: विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1500 से अधिक मतदाता होने के कारण 103 सहायक मतदान केंद्र बनाने बारे प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। बैठक में बीजेपी से अश्विनी गुलाटी, सीपीएम से वीरेंद्र सिंह डंगवाल, बीएसपी से उपकार सिंह, आप पार्टी से देवराज गौड़, आरएस रौतेला सहित अन्य कई अधिकारीगण मौजूद थे।

# मियावाकी तकनीक से जंगल उगाना सबके लिए हितकारी : राजेश नागर

**सेक्टर 83 फरीदपुर गांव में जंगल उगाने के प्रोजेक्ट का उद्घाटन करने पहुंचे विधायक राजेश नागर**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सेक्टर-83 फरीदपुर गांव में राइज फाऊंडेशन एनजीओ के सौजन्य से मियावाकी अर्बन फारेस्ट बनाने के काम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर तिगांव विधायक राजेश नागर ने प्रोजेक्ट की शुरुआत करवाई। इस प्रोजेक्ट के तहत राइज फाउंडेशन ने 10 हजार पौधे लगाए हैं। विधायक राजेश नागर ने कहा कि राइज फाऊंडेशन संगठन छोटे छोटे हरित क्षेत्रों को बढ़ावा देकर बहुत नेकी का काम कर रहा है। इससे सभी लोगों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा और वायु की गुणवत्ता सुधरेगी। नागर ने बताया कि हर निवासी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वार्मिंग जैसे मुद्दों से निपटने के लिए ऐसे प्रयासों में हम सभी को सहभागिता करनी चाहिए। संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह उनका 25 वां मियावाकी फॉरेस्ट है। आगामी कार्यों में भी सामाजिक संगठनों और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर इस योजना को और व्यापक रूप से सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के फाउंडर मेंबर मधुकर वार्ष्णेय, मुनीश कुंद्रा, माधुरी वार्ष्णेय, दीपक भारद्वाज, अजीत सिंह, अजय पाल, धर्मेंद्र सिंह, अनमोल, सुशील, खेड़ी गांव से श्याम सिंह नंबरदार, उदय सिंह नंबरदार व अन्य ग्राम निवासी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन फरीदाबाद सर्कल कमेटी ने चैत्र नववर्ष पर जारी किया साल-2024 का वार्षिक कैलेंडर: विनोद शर्मा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आज सेक्टर-23 स्तिथ दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फरीदाबाद सर्कल के कार्यालय प्राँगण पर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन दवारा बिजली कर्मचारियों की एक मीटिंग का आयोजन किया गया । जिसमे फरीदाबाद सर्कल वर्क्स कमेटी के कर्मचारी नेताओं ने कर्मचारियों की ग्रीवेंसेज को सुना और नोट बुक में लिखा जिसके बाद नेताओं ने हिन्दू चैत्र नववर्ष-2024 जो कि सनातन हिन्दू नववर्ष विक्रमी संवत 2080-2081 अनुसार एक अप्रैल से नववर्ष प्रारम्भ की प्रख्याति हुई।




इसी प्रामभिक नववर्ष-2024 के उपलक्ष पर एचएसईबी वर्कर यूनियन फरीदाबाद सर्कल के सर्कल सचिव विनोद शर्मा व पूर्व सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा सहित चारों यूनिटों के प्रधान एवम यूनिट सचिवों के कर कमल हाथों से सभी को हिन्दू नववर्ष 2024 की शुभकामनाएं देते हुए हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के वार्षिक कैलेंडर-2024 का विमोचन किया गया।

वार्षिक कैलेंडर विमोचन के इस शुभ अवसर पर बिजली कर्मचारी नेताओं में यूनिट ओल्ड फरीदाबाद के सचिव लेखराज चौधरी, बल्लभगढ़ यूनिट के प्रधान मदन गोपाल शर्मा व सचिव सुरेन्दर शर्मा, ग्रेटर फरीदाबाद यूनिट के प्रधान सुनील चौहान व सचिव रवि दत्त शर्मा, एनआईटी फरीदाबाद यूनिट के वरिष्ठ उपप्रधान शौकीन, सचिव सोनू कुमार गोला आदि कर्मचारी नेताओं सहित भारी संख्या बल में महेन्दर, मामचन्द, राजबीर हरफला, राजेश, नरेश, दिगम्बर, नरेश, इशपाल, सुन्दर, सोनू गोला, अशोक, रवि, पुनीत, विपिन चंदीला, मोनू, कपिल, रोहित, यशपाल, सूरज, रफीक, जगदीश छांयसा, वीरसिंह रावत, योगेंद्र रावत, परवीन नागर, इकबाल, अजय, मनजीत, सतेंदर आदि बिजली कर्मचारी मौजूद रहे जिन्होंने एचएसईबी वर्कर यूनियन जिन्दाबाद, हेड ऑफिस भिवानी जिन्दाबाद, वर्कर यूनिटी जिन्दाबाद के ज़ोरदार नारों से पूरा वातावरण यूनियन के जयघोष से गूँज उठा ।

# करण जौहर ने किया खुलासा है, स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 पर वेब सीरीज

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के फेमस फिल्ममेकर करण जौहर ने 12 साल पहले स्टूडेंट ऑफ द ईयर फिल्म बनाई थी और आलिया भट्ट, वरुण धवन व सिद्धार्थ मल्होत्रा को लॉन्च किया था। इस फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिला, जिसके बाद उन्होंने स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 बनाया। अब फिल्म के तीसरे पार्ट को लेकर करण ने बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने बताया है कि इस बार फिल्म नहीं, बल्कि SOTY 3 पर वेब सीरीज बनेगी और इसे रीमा माया डायरेक्ट करेंगी। यानी पुनीत मल्होत्रा का पत्ता कट गया है।




करण जौहर ने चंडीगढ़ में आयोजित हुए Cinevesture International Film Festival (CIFF) में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि रीमा माया इसे डायरेक्टर करेंगी और SOTY 3 को वेब सीरीज के रूप में रिलीज करने की प्लानिंग है। मालूम हो कि रीमा को नॉक्टर्नल बर्गर के लिए जाना जाता है।

**रीमा माया अपने तरीके से बनाएंगी शो**

नए डायरेक्टर्स और राइटर्स के साथ टीम बनाने के बारे में बात करते हुए Karan Johar ने कहा कि रीमा स्टूडेंट ऑफ द ईयर के डिजिटल वर्जन को डायरेक्टर करेंगी। उन्होंने आगे कहा, लेकिन ये उनका तरीका होगा और निश्चित रूप से मेरा नहीं, क्योंकि अगर मैं रीमा माया की दुनिया में एंट्री करूंगा तो मैं इसे और ज्यादा भ्रमित बना दूंगा, जोकि उनके नाम का अर्थ है। मैं बस यही चाहता हूं कि ये उनकी आवाज हो। उन्होंने इसे अपनी सीरीज बना लिया।

करण ने पिछली बार रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को डायरेक्ट किया, जिसमें आलिया भट्ट और रणबीर कपूर नजर आए। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों का मिला-जुला रिएक्शन मिला था। और बतौर प्रोड्यूसर उनकी योद्धा मूवी रिलीज हुई, जिसमें सिद्धार्थ कपूर लीड रोल में नजर आए।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# आमजन की अभिव्यक्ति पर हमले नहीं होंगे बर्दास्त : आजाद मिरान

**समाचार गेट/सतीश खतरी**

**सिवानी।** भारतीय क्रांतिकारी मार्क्सवादी पार्टी राज्य अध्यक्ष आजाद सिंह मिरान ने कहा कि देश में भाजपा सरकार कार्पोरेट घरानों के इशारे पर संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। आमजन की अभिव्यक्ति पर हमले किये जा रहे है। देश में सीबीआई ईडी,व अन्य जांच एजेंसियों के गलत इस्तेमाल करके विपक्ष दलों के नेता को तंग किया जा रहा है।बीजेपी सरकार देश की मेहनतकशों की गाढ़ी कमाई कार्पोरेट घरानों को दे रही है। जनता के जनवादी हकों के लिए संघर्ष करने वालों को बिना कसूर जेलों में बंद किया जा रहा है।




देश में पूरी तरह तानाशाही शासन चल रहा। मजदूरों किसानों कर्मचारियों, दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, महिलाओं को अपने हक मांगने पर दमनकारी नीतियों के तहत दबाया है। किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों को अनदेखा करने वाली तथा देश का विदेशों में तिरंगा लहराने वाली बहन बेटियों की बदसलूकी करने वाली बीजेपी सरकार के फासीवाद के खात्मे के लिए देश के इंडिया गठबंधन को मजबूत करें।

# कनीना की नयी आनाज मंडी में शुरू हुई सरसों की खरीद

## सोमवार को पहले दिन एसडीएम की उपस्थिति में 4 हजार क्विंटल सरसों की हुई खरीद



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना की नयी आनाज मंडी, चेलावास में सोमवार से सरसों की खरीद शुरू हुई। एसडीएम सुरेंद्र सिंह,मार्केट कमेटी सचिव नकुल यादव, खरीद एजेंसी हैफेड के कर्मचारी तथा व्यापारियों की उपर्सथिति में शुरू हुई खरीद से पूर्व किसानों को टोकन अलाट किए गए उसके बाद न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रूपये प्रति क्विंटल की दर से 4 हजार क्विंटल सरसों खरीद की गई। इस मौके पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। किसानों की सुविधा के लिए बिजली,पानी,टॉयलेट के अलावा बारदाने की कमी नहीं रहने दी जाएगी। खरीदी जा रही सरसों का उठान कार्य भी शीघ्रता से किया जाएगा। खरीद अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 5650 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा किसानों की सरसों खरीदी गई। जिसे स्टेट वेयर हाउस के गोदाम में रखवाया जाएगा। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वह अपने सरसों को साफ-सुथरी कर,सुखाकर अनाज मंडी में बिक्री के लिए लेकर आएं जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने सरसों पहले से ऑनलाइन करवा रखी है उसका मार्केट कमेटी द्वारा टोकन काटा जाता है तथा उनकी सरसों की ही खरीद की जाती है। पहले चरण में नैफेड की खरीद की जा रही है। इस मौके पर भरपुर सिंह यादव, एफआई ऋषि राज, अशोक शर्मा, अनिल कुमार, अतर सिंह, रविंद्र कुमार,मनीष गुप्ता, अनिल कुमार सहित आढती व किसान उपर्सथित थे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोडने की मांग को लेकर सेहलंग-बागोत में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना जारी



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बागोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 386वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सतपाल पोता ने की। धरनारत ग्रामीणों की मदद के लिए महिलाएं भी पंहुची। जिन्होंने केंद्र तथा राज्य सरकार के प्रति आक्रोस जताया। उन्होंने कहा कि महिलाएं भी पुरूषों से कम नहीं हैं। जरूरत पडी तो महिलाएं भी धरने की कमान संभालने में पीछे नहीं हटेगीं। धरना संघर्ष समिति के अयक्ष विजय सिंह ने कहा कि फसल कटाई कार्य के बीच ग्रामीण धरना देने पर मजबूर हैं। सरकार द्वारा आश्वासन देने के बावजूद इसका कार्य शुरू नहीं कर रही है। जिससे धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की पीड़ा बढ रही है। जब तक कट बनाने का काम शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर शेरसिंह, नरेंद्र शास्त्री, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशी राम, सूबेदार सुखबीर सिंह, सूबेसिंह, बाबूलाल, गुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश हाजिर थे।

# महेंद्रगढ जिले के 8 खंड में जांगिड़ सभा प्रधान के चुनाव का शेड्यूल जारी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** जिला महेंद्रगढ़ के विभिन्न खंडों में जांगिड़ सभा की कार्यकारिणी का गठन करने के लिए चुनाव शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जिले के सभी 8 खंडों अटेली,कनीना,महेन्द्रगढ़,सतनाली, नारनौल,निजामपुर,सिहमा,नांगल चैधरी के अध्यक्ष पद चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया सात अप्रैल को शुरू की जाएगी। जांगिड़ ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष अशोक पैकन ने बताया कि जांगिड़ ब्राह्मण समाज के खंड अध्यक्षों के चुनाव हेतु बजरंग लाल एडवोकेट एवं भानी सहाय एडवोकेट को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनकी देखरेख में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होगी। बजरंग लाल एडवोकेट ने चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि सभी खंड मुख्यालयों पर सात अप्रैल को प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 12 से 1 बजे तक नामांकन फार्मों की जांच की



जाएगी और 2 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी की समय सीमा पूरी होने के बाद यदि केवल एक उम्मीदवार मैदान में रहता है तो उसे निर्विरोध खंड अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित घोषित किया जाएगा। दो या अधिक उम्मीदवार होने की स्थिति में उनको चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 21 अप्रैल को सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक मतदान होगा। उसके बाद मतगणा कर परिणाम जारी किया जाएगा।

# रणजीत चौटाला के बयान को लेकर आज कनीना में होगी श्रीगौड सभा की बैठक

**ब्राह्मण विरोधी बयान वापिस नहीं लिया तो होगा आंदोलन**

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** प्रदेश के पूर्व बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह द्वारा ब्राह्मणों को लेकर दिए गए विवादित बयान को लेकर श्रीगौड सभा के पदाधिकारियों में गहरा रोष व्याप्त है। उनकी ओर से मंगलवार 2 अप्रैल को मंत्री का पुतला फूंका जाएगा। सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि मंत्री का बयान किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। ये बयान उनकी ओछी तथा निम्न मानसिकता का पर्याय है। उनकी ओर से जल्द ही माफी नहीं मांगी तो ब्राह्मण समाज आदोंलन करने पर मजबूर होगा। श्री गौड सभा के अध्यक्ष डॉ रविंद्र कौशिक ने कहा कि आज आयोजित होने वाली बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा। सुरेश वशिष्ठ ने कहा कि ब्राह्मण समाज इतना कमजोर नहीं है कि मंत्री द्वारा दिए गए बयान को नजरअंदाज कर दिया जाए। मंत्री की ओर से जल्द ही बयान वापिस नहीं लिया गया तो जगह-जगह उसका विरोध किया जायेगा ओर पुतले फूंके जाएगें।

## संपादकीय

# राजनीति में बदल रहे नैतिकता के मायने



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

भारतीय राजनीति में ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जो आज भी नैतिकता के आदर्श हैं। लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरा तो अवश्य करें, पर ज़ब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आए तब नैतिकता के मायनों को बदल दिया जाता है। भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था, दिल्ली के शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं हैं। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आए हैं, लेकिन अब ज़ब उन पर ही सवाल उठ रहे हैं, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जाएगी। यहाँ सवाल यह भी उठ रहा है कि दिल्ली के शराब घोटाले में अभी तक जिन पर आरोप लग रहे हैं, उनको जमानत लेने का पर्याप्त आधार नहीं मिल रहा, इसका आशय यह भी है कि सरकार की ओर से कोई न कोई गलत आचरण किया गया होगा, अन्यथा एक मुख्यमंत्री को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं किया जाता। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी यही कहा जा रहा है, उसके पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के संकेत पर पैसों का लेनदेन हुआ।

दिल्ली में शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई प्रकार के सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह साफ तौर पर संकेत दिया है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मुख्य आरोपी है। अब यह जांच के बाद ही पता चलेगा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाए जा रहे आरोप किस हद तक सही हैं या फिर केजरीवाल अपने आपको निर्दोष साबित कर पाते हैं या नहीं। अगर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगाए गए आरोपी प्रमाणित होते हैं तो यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक संवैधानिक पद के प्रभाव का दुरुपयोग किया है।

## हरियाणा में कोई विपक्ष नहीं है अगर कोई विपक्ष है तो सामने आये: संजय सिंह

**समाचार गेट/संजय राघव**

**सोहना।** प्रदेश के खेल मंत्री संजय सिंह ने कहा कि हरियाणा में कोई विपक्ष नहीं है अगर कोई विपक्ष है तो सामने आये। लोकसभा चुनाव को लेकर जो दायित्व दिया गया है उसेपूरा किया जाएगा। सोहना विधानसभा से लोकसभा के प्रत्याशी डबल मार्जिन से जीत दर्ज करेंगे। खेल मंत्री सोहना में आयोजित बीजेपी चुनाव संचालन समिति की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। सोहना बीजेपी कार्यलय में गुड़गांव लोकसभा के अंतर्गत आने वाली चार विधानसभा की बैठक का आयोजन किया गयाव चुनाव संचालन समिति बनाई गई। इस दौरान चुनाव संबंधी सभी कामों के को लेकर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी लगाई गई। बैठक में कहां गया कि इस बार बीजेपी में उसके सहयोगी दल 400 से अधिक सीटे जितेंगी व हरियाणा में 10 की 10 लोकसभाओं पर बीजेपी का कमाल खिलेगा। इस मौके पर हरियाणा प्रदेश के खेल मंत्री संजय सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव पलवल के विधायक दीपक मंगला भी मौजूद थे

## एसडीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हवन से हुयी नये शिक्षा सत्र की शुरुआत



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** सोमवार को एसडीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छिथरोली में हवन के साथ नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ किया गया। विद्यालय में नये 87 विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के निदेशक अजमेर सिंह दांगी ने कहा कि हवन का विशेष महत्व होता है। हवन में प्रयोग की जाने वाली जड़ी-बूटी युक्त हवन सामग्री, शुद्ध घी, पवित्र वृक्षों की लकड़ियां, कपूर आदि के जलने से उत्पन्न अग्नि और धुएं से वातावरण शुद्ध होता है वहीं नकारात्मक उर्जा भी दूर भागती हैं। हवन से निकलने वाला धुआँ हवा से फैलने वाली बीमारियों के कारक इन्फेक्शन करने वाले बैक्टीरिया को नष्ट कर देता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य रेखा दांगी, दीपक चैधरी, संदीप यादव, केवल यादव सहित शिक्षक एवं अभिभावक उपरस्थित थे।

## कार्यकर्ता स्वयं प्रत्याशी- पूरी तैयारी के साथ जुट जाएं : दीपक मंगला

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भाजपा के प्रत्याशियों की सूची आते ही भाजपा हरियाणा ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। लगातार बैठकों का दौर जारी है। बता दें कि पार्टी ने पुन: एक बार राव इंद्रजीत सिंह पर ही भरोसा जताते हुए गुरुग्राम लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है। इसी निमित्त आज गुरुग्राम लोकसभा में नूंह जिला के नूंह विधानसभा में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने की,जिसके मुख्य वक्ता मनीष मित्तल, (क्लस्टर इंचार्ज) व दीपक मंगला (लोकसभा प्रभारी), जिला प्रभारी समय सिंह भाटी रहे। आने वाले लोकसभा चुनाव में विधानसभा नूंह में सबकी जिम्मेदारियां दी गई, बैठक में महामंत्री श्रीपाल और सभी प्रमुख कार्यकर्ता बैठक मे उपरस्थित रहे। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की इस बैठक में सभी ने एक स्वर में भाजपा के 400 पार के संकल्प को दोहराया।

# डॉ संजय खेड़ला बने हजरस नूंह के जिलाध्यक्ष



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ जिला नूंह की जिला कार्यकारिणी का चुनाव गेटी फिरोजपुर नमक के सेमिनार हाल में संघ के फाउंडर मेंबर महेंद्र कुमार प्राचार्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। वहीं राज्य कार्यकारिणी सदस्य करतार प्रवक्ता अंग्रेजी, पूर्व में जिला अध्यक्ष पतराम, पूर्व में सचिव जयचंद रहे। मंच संचालन रामकिशोर प्रवक्ता अंग्रेजी ने किया। सर्वप्रथम पूर्व जिला प्रधान पतराम ने अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और इसके बाद समस्त जिला कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। इसके बाद चुनाव पर्यवेक्षक ने जिला कार्यकारिणी के गठन की शुरुआत की। और सभी से अनुरोध किया कि इस चुनाव को सगंठन के हित में शांतिपूर्वक तरीके से व सर्वसम्मति से पूर्ण किया जाए। सभी सम्मानित साथियों द्वारा सर्व सम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन निम्न प्रकार से किया गया। जिसमे जिला प्रधान डा संजय खेड़ला को चुना गया जो गेटी फिरोजपुर नमक में कार्यवाहक प्राचार्य के पद पर तैनात है।

जिला वरिष्ठ उपप्रधान परदीप सोलंकी टीजीटी इंगलिश जीएमएस रहना, जिला उप प्रधान मोहनलाल, जिला सचिव धर्मवीर, कोषाध्यक्ष चंद्रपाल प्रवक्ता जीव विज्ञान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अल्दूका को चुना गया। इस मौके जिला विज्ञान विशेषज्ञ रामकिशन आर्य, सोनिया प्रवक्ता हिंदी, रेनू प्रवक्ता इतिहास, बेबी प्रवक्ता अंग्रेजी, मंजू रानी प्रवक्ता हिंदी, गायत्री प्रवक्ता राजनीतिक विज्ञान, डॉ दीपक मेवाती, हेड मास्टर रामेश्वर, मास्टर विश्राम मास्टर, राजेश मास्टर फीरोजपुर। झिरका, हेडमास्टर हंसराज, शेरशिंह मास्टर, डा प्रमोद कुमार असिटेंट प्रोफ़ेसर डाइट मालब तथा पांचों खंडों के सैकड़ों शिक्षको ने भाग लिया।

# चौधरी जाहिद हुसैन चेयरमैन का जोधडयानबास में हुआ जोरदार स्वागत



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी जाहिद हुसैन का फिरोजपुर झिरका विधानसभा के जोधडयानबास में आस ब्लॉक समिति के वाइस चैयरमेन फतेह मो, पूर्व चेयरमैन पंचायत समिति आस मोहम्मद चेयरमैन व गांव के मौजिज लोगो ने गुलदस्ता भेंट कर वे पगड़ी बांध कर सम्मान व जोरदार स्वागत हुआ। फतेह मोहम्मद व आस मोहम्मद चेयरमैन ने अपने निवास स्थान पर लोकसभा चुनाव को लेकर गणमान्य सैकड़ो लोगों की चौधरी जाहिद हुसैन के साथ मीटिंग कराई और भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को भारी मतों से जीताने का संकल्प लिया।इस अवसर पर सैकड़ो गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए चौधरी जाहिद हुसैन ने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार पूरे देश में बहुमत के बनने जा रही है। राव इंद्रजीत सिंह हमारे लोकसभा प्रत्याशी बहुत ही ईमानदार, लोकप्रिय और सबको एक समान समझने वाले प्रत्याशी है इसीलिए आप सभी अपना योगदान राव इंद्रजीत सिंह की जीत में दे और माननीय राव इंद्रजीत सिंह की जीत को सुनिश्चित करें और मोदी के हाथ मज़बूत करे। इस मौके पर जफरूद्दीन बाघोडिया, इलयास हॉर्टिकल्चर, हाजी नजीर बैंक सकट्री, मौलाना शकील असरफी, उस्मान, शेरमोहम्मद, साबिर, अली मोहम्मद, नज्जु, हामिद हाफिज, लखपत, आदि मौजिज लोग मौजूद रहे।

# 4 अप्रैल को पटेल वाटिका नूंह में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन : जाहिद हुसैन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भाजपा जिला कार्यालय नूह में जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह पटेल ने आगामी कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मीटिंग की। जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कहा कि राव इंदरजीत सिंह पटेल वाटिका नूह में भाजपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेगै। कार्यकर्ता इस कार्यकर्ता सम्मेलन की मीटिंग को लेकर तैयार तैयारियों में जुटे हुए हैं। भाजपा नेता जाहिद हुसैन ने कहा कि आगामी 4 अप्रैल को नूह पटेल वाटिका में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह कार्यकर्ताओं की मीटिग लेगे। इस मीटिंग को लेकर सभी कार्यकर्ताओं में जोश है। राव इंदरजीत सिंह को लोकसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद कार्यकर्ताओं में बहुत जोश है। राव इंद्रजीत सिंह एक जनप्रिय और लोकप्रिय नेता है। और सभी को एक समान मानने वाले नेता हैं। इस मौके पर जिला महामंत्री शिवकुमार बंटी, जिला महामंत्री श्री पाल शर्मा जिला उपाध्यक्ष,वीरपाल कालियाका प्रदेश संयोजक प्राकृतिक खेती, राजकुमार गर्ग, महिला अध्यक्ष गोल्डी शर्मा, महावीर सैनी, लियाकत अली, जैद, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नदीम सलंबा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में नये सेशन के आरंभ पर यज्ञ का आयोजन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में नये सेशन के आरंभ पर स्कूल के प्रांगण में यज्ञ का आयोजन प्रबंधन समिति की ओर से किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा का दायित्व ज्ञान चंद आर्य प्रधान आर्य समाज नूंह ने निभाया।

स्कूल के प्रिंसिपल बलवंत यजमान बने साथ में राजेश शास्त्री छछेडा, मनोज गर्ग, जे एस सैनी एडवोकेट,कन्हैयालाल शर्मा, दिनेश शास्त्री के अलावा अन्य आचार्य बहनें और भाई सर्ममिलित हुए सैंकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं भी उपरस्थित रहे। डीएवी संस्था गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं में सबसे बड़ी संस्था है। इसकी स्थापना स्वामी श्रद्धानंद,लाला लाजपतराय और महात्मा हंसराज (आजीवन अवैतनिक प्रिंसिपल) ने की स्वाधीनता आंदोलन में ज्यादातर क्रांतिकारी डीएवी आंदोलन से जुड़े रहे हैं।

# साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की डायल 1930 पर दें तत्काल सूचना : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पनाइन नंबर 1930 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें। उपायुक्त ने जिला के युवाओं से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सावधान रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पहले साइबर फ्रॉड की सूचना के लिए 155260 हेल्पलाइन की सुविधा प्रदान की गई थी लेकिन अब केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उपरोक्त नंबर की जगह 1930 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि साइबर धोखाधड़ी जैसे अपराध की रिपोर्ट करने के लिए पुलिस स्टेशन जाकर पारंपरिक तरीके से एफआईआर करवाना व उसकी जांच होना एक लंबी प्रक्रिया है। ऐसे में तुरंत कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन का विकल्प सबसे सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जितनी जल्दी सूचना दी जाए, उतना ही बढ़िया ताकि आगे की ट्रांजेक्शन को रोकने के लिए पीड़ति को त्वरित सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति साइबर क्राइम की वेबसाइट http://www.cyber-crime.gov.in पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में

फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।

Contact: 9212339503, 9818180269

SAMRAAT YADAV 9899989964
सम्राट
PROPERTY AND CONSTRUCTION
DEALS IN
ALL HSVP SECTORS - 62,64,65 AND AGRICULTURAL LAND & INDUSTRIAL PLOTS
PLOT NO.360P SECTORS -65 BALLABGARH FARIDABAD 121004

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

## तावडू अनाज मंडी में सरसों की खरीद के लिए गांववाइज रोस्टर जारी

समाचार गेट/अनिल मोहनियां



**नूंह।** एसडीएम एवं प्रशासक मार्केट कमेटी तावडू संजीव कुमार ने बताया कि तावडू अनाजमंडी में सरसों फसल की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए गांव वाइज रोस्टर जारी किया है, ताकि खरीद का कार्य व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा सके और किसानों को कोई परेशान न आए। उन्होंने जारी रोस्टर के अनुसार बताया कि मंगलवार 2 अप्रैल को गांव भाजलाका, सिलखो, छारोड़ा, चिलावली, नूरपुर, खाईका तावडू, नानूका व थाना आलम उर्फ मसीत तथा बुधवार 3 अप्रैल को तावडू, कालरपुरी व गुरुवार 4 अप्रैल को बिस्सर अकबरपुर व हसनपुर तावडू के किसानों की सरसों की फसल की खरीद की जाएगी। इसी प्रकार शुक्रवार 5 अप्रैल को पढ़ेनी, शिकारपुर, गोयला, गोगजाका, कलियाका व डालावास तथा शनिवार 6 अप्रैल को ग्वारका, पाड़ा, कलवाड़ी के किसानों की सरसों की फसल की खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए तावडू स्थित अनाजमंडी में किसानों की सरसों की खरीद सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर 2 से 6 अप्रैल तक रोस्टर अनुसार की जाएगी ताकि किसानों को समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी बारी अनुसार ही फसल को मंडियों में बेचने के लिए लाएं। उन्होंने कहा कि किसान अपनी सरसों की फसल को अच्छी तरह सुखाकर व साफ करके लाएं। जिस दिन उनके गांव का नंबर हो, उसी दिन लाएं। भेज पाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गेट पास कटवाने के लिये किसान अपना आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आएं।

## जिला नूंह पुलिस के विशेष अभियान में विभिन्न अपराधों में संलिप्त करीब 90 आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** शनिवार/रविवार को मुख्यालय के निर्देशानुसार एक विशेष अभियान चलाया गया । जिसके तहत जिला नूंह पुलिस ने साईबर अपराधों में संलिप्त 39 साईबर ठगों सहित अन्य विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त रहे करीब 90 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से 48 मोबाइल फोन, 82 फर्जी सिम कार्ड, 18180 रुपये, चोरी की एक मोटर साईकिल सहित अन्य सामान बरामद किया गया । शनिवार/रविवार को चले विशेष अभियान के तहत सभी अपराध जांच शाखा/स्टाफ,साईबर सैल, थाना व चौकी स्तर पर टीमों का गठन किया गया । जिसमें पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न स्थानों पर रेड कर अलग–अलग मामलों में निम्नलिखित उपलब्धि हासिल की है। जिला नूंह पुलिस की विभिन्न टीमों ने जघन्य अपराधों में सलिंत 14 पीओ व बेल जम्पर, जुआ खेतले हुए 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जा से 18108 रुपये, चोरी की वारदातों मे संलिप्त 02 चोरो को गिरफ्तार उनके कब्जा से एक मोटर साईकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है । इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त 25 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया । इसके अतिरिक्त जिला नूंह पुलिस ने प्रतिबिंब ऐप की सहायता से साईबर अपराधियों पर प्रहार करते हुए साईबर ठगी में संलिप्त 39 साईबर ठगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जा से 48 मोबाइल फोन, 82 फर्जी सिम कार्ड सहित अन्य सामान को बरामद करने में भी सफलता हासिल की हैं। इसके अतिरिक्त मोटर–वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए गलत ढंग से लेन चेंज करके वाहन चलाने वाले 419 वाहन चालकों सहित कुल 982 लोगों के चालान किये गए ।

# 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को करें प्रेरित : अतिरिक्त उपायुक्त

समाचार गेट/अनिल मोहनियां



**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं लोकसभा आम चुनाव में स्वीप गतिविधि के नोडल अधिकारी प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि हरियाणा व गुरुग्राम लोकसभा संसदीय क्षेत्र में आगामी 25 मई को होने वाले मतदान में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने व इस चुनाव पर्व को भव्य रूप में मनाने के लिए मतदाताओं को निरंतर जागरूक किया जाए और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाए। प्रदीप मलिक सोमवार को लोकसभा चुनाव में जिला नूंह में स्वीप गतिविधियां सुचारू रूप से चलाने व मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने बारे संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों व विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अनाजमंडियों में जहां किसानों व आम लोगों को अधिक आना–जाना है, वहा पर पोस्टर, बैनर आदि लगाए जाएं। किसानों की ट्रालियों व ट्रैक्टर पर वोट करने की अपील संदेश के स्टीकर चस्पा किए जाएं। स्कूल–कालेजों में युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए गतिविधियां चलाई जाएं। युवा मतदाताओं को वोट के महत्व व लोकतंत्र के बारे में जानकारी दी जाए। सभी गतिविधियां संबंधित एआरओ की निगरानी व नेतृत्व में आयोजित हों तथा उस गतिविधियों को डाक्यूमेंट किया जाए तथा इसके फोटो, विडियो का रिकार्ड एकत्रित कर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा को भिजवाया जाए। उन्होंने कहा कि विभागों को गूगल फार्म दिया जाएगा, जिसमें संबंधित विभाग द्वारा अपनी गतिविधियां का रिकार्ड फीड करना होगा। जो विभाग स्वीप गतिविधि में अच्छा कार्य करेंगे, जिला प्रशासन द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों के लिए विभाग वाइज गतिविधियों आयोजित करने का चार्ट जारी किया जाएगा। विभाग इस चार्ट अनुसार गतिविधि आयोजित कर इसकी रिपोर्ट अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय को अवश्य भिजवाएं। इस बैठक में एसडीएम तावडू संजीव कुमार, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा. चिनार चहल, एसडीएम पुन्हाना लक्ष्मीनारायण, रोडवेज की महाप्रबंधक एकता चोपड़ा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## ब्लैक फिल्म लगाकर गाड़ी चलाई तो लगेगा भारी जुर्माना

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेश अनुसार हरियाणा पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया जाएगा । जिस दौरान यदि कोई ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी मिलती है तो उसके खिलाफ चालान कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, जिसमें 10000 तक का जुर्माना लग सकता है। आदेशों की अनुपालना में नूंह पुलिस द्वारा भी ऐसे वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जाएगा। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नूंह पुलिस पहले से ही लगातार गाड़ियों पर ब्लैक फिल्म का प्रयोग कर रहे वाहन चालकों पर शिकंजा कस रही है । अब इस अभियान में और तेजी लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है जिसके लिए हरियाणा पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 7 अप्रैल 2024 तक विशेष अभियान चलाया गया है। इस संबंध में यातायात प्रबंधक, सभी थाना प्रबंधक/चौकी प्रभारियों को आदेश दिए गए हैं कि यदि कोई भी वाहन चालक अपनी गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगाए हुए मिलता है तो उसके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए। पुलिस अधीक्षक ने भी आमजन को यातायात के नियमों का पालन करने बारे जागरूक करते हुए कहा कि वे यातायात के नियमों का पालन जरूर करें, उनकी अनदेखी न करें यदि कोई यातायात के नियमों कि अवहेलना करता हुआ मिलता है तो ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरवाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी और कहा कि यदि आपको कोई भी बुलेट मोटरसाइकिल चालक पटाखा बजाता मिले तो आप तुरंत इसकी सूचना कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 8930900281 या नजदीकी पुलिस स्टेशन पर दे सकते हैं।


# लोकसभा चुनाव में नामांकन के साथ 25 हजार रुपए की जमानत राशि भी जमा करवानी होगी : जिला निर्वाचन अधिकारी

### अनुसूचित जाति के उम्मीदवार को नामांकन के साथ 12 हजार 500 रुपए की जमानत राशि जमा करवानी होगी

समाचार गेट/अनिल मोहनियां





**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 29 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी होगा तथा नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों को फार्म के साथ 25 हजार रुपए की जमानत राशि जमा करवानी होगी। अनुसूचित जाति के उम्मीदवार को नामांकन के साथ 12 हजार 500 रुपए की जमानत राशि जमा करवानी होगी। यह राशि नकद या ट्रेजरी के माध्यम से ही स्वीकार्य होगी। चेक या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से इस राशि को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि 29 अप्रैल से 6 मई तक उम्मीदवार लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन–पत्र जमा करवाते समय उम्मीदवार अपने साथ अधिकतम चार लोगों को अंदर ला सकता है। आरओ तथा एआरओ कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में अधिकतम तीन वाहन ही लाने की अनुमति होगी। नामांकन भरने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई जाएगी और सभी दस्तावेजों को सुरक्षित तरीके से रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र उम्मीदवार द्वारा या उसके प्रस्तावक द्वारा भरा जा सकता है। नामांकन पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जा सकता, इसे निर्वाचन पंजीयन अधिकारी अथवा सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। चुनाव लडने. वाले उम्मीदवार को अपनी शिक्षा, संपत्ति के अलावा फॉर्म 26 में एफिडेविट के साथ कोई एफआईआर दर्ज है, तो उसकी भी जानकारी देनी होगी। राजनीतिक पार्टी द्वारा अपने प्रत्याशी पर दर्ज मामलों की जानकारी पार्टी की अधिकारिक वेबसाइट पर डालनी होगी। इतना ही नहीं, नामांकन भरने के उपरांत उम्मीदवार और राजनीतिक पार्टी को समाचार पत्रों तथा टीवी चैनलों में भी कम से कम तीन बार आपराधिक मामले की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी मतदाताओं की अहम भूमिका होती है और 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। इस पर्व में हर एक मतदाता को अपनी भागेदारी करनी चाहिए और नजदीक के पोलिंग बूथ पर जाकर वोट डालना चाहिए।










# 5 वर्ष के प्रत्येक बच्चे का बाल वाटिका-3 में दाखिला करवाना करें सुनिश्चित : सुखबीर सिंह

समाचार गेट/अनिल मोहनियां



**नूंह।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह ने सोमवार को जिले के विभिन्न स्कूलों में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष की आयु का जो भी बच्चा है उन सभी बच्चों की औपचारिक शिक्षा के लिए विद्यालय में सरकार के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शुरू की गई बाल वाटिका-तीन में दाखिला अवश्य करना है। इसके लिए सभी अध्यापकों की उन्होंने प्रशंसा कि अध्यापक इसके लिए काफी मेहनत कर रहे हैं और घर-घर जाकर प्रेरित भी कर रहे हैं। गोधोला स्कूल में उन्होंने कहा की ज्ञान को कोई भी आपसे छीन नही सकता। न ही ज्ञान देने से घटता है बल्कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है। जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर कुसुम मलिक ने कहा कि तालीम सबसे ज्यादा जरूरी है और बच्चे भी इस जीरो ड्रॉप आउट मिशन में अपनी आहुति डालें और अपने साथ कम से कम एक उस बच्चे को लेकर आएं जो स्कूल नही आता है ताकि हमारा प्रत्येक बच्चा मुख्यधारा से जुड़ सके।

# ग्रीन फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चार बच्चों का नवोद्यय विद्यालय में चयन



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इंडरी खंड के गांव खेड़ा खलीलपुर स्थित ग्रीन फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने नवोद्यय विद्यालय की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन किया है। इस बार स्कूल के चार बच्चों का नवोद्यय विद्यालय में दाखिला के लिए चयन हुआ है। इन चार बच्चों में चयनित हुए दीपांशी पुत्री दीपक दुबालू, डेविड पुत्र विनोद व जातिन पुत्र विजयकांत गांव इंडरी के अलावा उमंग पुत्र कैलाश चंद गांव खेड़ा खलीलपुर शामिल है। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन गंगादान डागर ने सभी बच्चों को शुभकामना देकर उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर ललित ने अपने सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को शुभकामनाएं दी सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय लगातार बोर्ड परीक्षाओं में भी कीर्तिमान स्थापित करता आ रहा है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह, विनोद मास्टर, ओमप्रकाश, राहुल शर्मा, लता रानी, संगीता , सीमा, मीनू खटाना, सुषमा डागर, शीतल , संजना, फिरदोश, धर्मसिंह व अंजलि सभी ने बच्चों को बधाई देकर और उज्जवल भविष्य की कामना कर कहा कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। बता दें कि खेडा खलीलपुर गांव के ग्रीन फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों का हर वर्ष जनरल परीक्षाओं के साथ जवाहर नवोद्यय विद्यालय परीक्षाओं में दबदबा रहा हैं। ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल स्टाफ की मेहनत अब रंग ला रही है। स्कूल में पढने. वाले दर्जनों युवा आज सरकारी व गैरसरकारी पदों पर बैठे हुए हैं।

# नूंह में भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पटौदी विधायक सत्यप्रकाश ने जिला कार्यकारिणी एवं मंडल कार्यकारिणी की बैठक ली

समाचार गेट/अनिल मोहनियां



**नूंह।** नूंह बीजेपी कार्यालय पर भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पटौदी विधायक सत्य प्रकाश जरावता ने जिला कार्यकारिणी एवं मंडल कार्यकारिणी की बैठक ली। जिसमें एससी मोर्चा के जिला प्रभारी कमल निंबल सहित अन्य आमंत्रित सदस्य भी मौजूद रहे इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष गंगादान डागर ने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों, जिला उपाध्यक्ष जिला सचिव मंडल अध्यक्ष और सभी मौजूदा सरपंच नंबरदार आदि लोगों का स्वागत किया। वहीं बैठक को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो कार्य कांग्रेस 70 साल में नहीं कर सकी वह कार्य भारतीय जनता पार्टी ने 10 साल के कार्यकाल में कर दिए हैं। सभी समाज के महापुरुषों का सम्मान के लिए स्मारक बनाए गए हैं जैसे अंबेडकर स्मारक अभी कुरुक्षेत्र में संत रविदास स्मारक की नींव रखी और काशी एवं उत्तर प्रदेश में 100 करोड़ रुपए की लागत से कबीर साहब का स्मारक तैयार किया जा रहा है। ऐसे ही नागपुर में डॉ भीमराव अंबेडकर का तीर्थ स्थल तैयार करके अनुसूचित जाति का मान बढ़ाया है। वहीं इस दौरान अनुसूचित जाति समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष के सामने मांग रखी कि जिले में अभी तक कोई भी किसी भी विभाग में अनुसूचित जाति का चेयरमैन नहीं बनाया गया है। सत्पुरुष कबीर साहब मानव कल्याण समिति की तरफ से आए हुए सभी सदस्यों ने संत महंतों ने मांग रखी कि अभी तक जिला नूंह, गुड़गांव व पलवल में कबीर साहब का राज्य स्तरीय प्रकट दिवस का कार्यक्रम नहीं कराया गया और न ही कबीर साहब का हरियाणा में स्मारक बनाया गया है। उन्होंने पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता व कार्यालय पर आए पलवल विधायक दीपक मंगला को ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री से प्रकट दिवस मनाने का अपील की।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश तंवर, प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य भगवत सरपंच उजीना, जिला पार्षद हर्षित, वार्ड एक जिला परिषद सदस्य हर शरण, जिला सचिव लाजपत, जगन सिंह, महंत ओमप्रकाश, महंत सुभाष, प्रथमनाथ, राजेंद्र, खेमचंद, रतिराम, लेखराम, चतुर्भुज मास्टर, हंसराज पूर्व सरपंच आलदोका, एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रतीराम चंदेनी, सीमा वर्मा नगीना, सुभाष उदाका, हरपाल पुन्हाना, बनेसिंह संगेल, दयाचन्द कोली पुन्हाना, टेकचन्द गोहर पुन्हाना सचिन तंवर नूंह, महामंत्री चन्द्रशेखर पूर्व सरपंच पाटखोरी फिरोजपुर झिरका, बीरसिंह मामलिका, सचिव सुरेश सरपंच लाहाबास, एडवोकेट पन्नालाल मेहरा नूंह, राकेश सरपंच हिरमथला, मनीराम मेवली, मोहरपाल पूर्व सरपंच किरंज मेव, मस्त सिंह नूंह, राकेश सरपंच धमाला, धर्मचंद नंबरदार फिरोजपुर झिरका, कोषाध्यक्ष भीम सिंह शाहपुर नंगली, आईटी सेल प्रमुख सुरेश गोरवाल फिरोजपुर झिरका, सोशल मीडिया प्रभारी चरण सिंह लफूरी पुन्हाना, मंडल अध्यक्ष रमेश, डॉ रवि कुमार, विक्की, संजय सोडा, मुकेश, जितेंद्र, राजेंद्र मौजूद रहे।

# भाजपा ने प्रदेश में 10 साल में कराए हैं विकास के रिकॉर्ड तोड़ कार्य : सत्यप्रकाश जरावता

समाचार गेट/अनिल मोहनियां




**नूंह।** जिला भाजपा कार्यालय पर हरियाणा के भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता विधायक पटौदी ने जिला कार्यकारिणी एवं मंडल कार्यकारिणी की बैठक ली। जिसमें कमल निंबल प्रभारी जिला नूंह अनुसूचित जाति मोर्चा एवं अन्य आमंत्रित सदस्य भी मौजूद रहे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष गंगादान डागर ने प्रदेश के सभी पद अधिकारियों जिला उपाध्यक्ष जिला सचिव मंडल अध्यक्ष और सभी मौजूदा सरपंच नंबरदार आदि लोगों का स्वागत किया। अनुसूचित जाति समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष के सामने मांग रखी कि जिले में अभी तक कोई भी किसी भी विभाग में अनुसूचित जाति का चेयरमैन नहीं बनाया गया है। साथ साथ सत्पुरुष कबीर साहब मानव कल्याण समिति की तरफ से आए हुए सभी सदस्यों ने संत महंतों ने यह भी मांग रखी कि अभी तक जिला नहीं गुड़गांव में पलवल में कबीर साहब का राज्य स्तरीय प्रकट दिवस का प्रोग्राम नहीं कराया गया और नहीं कबीर साहब का हरियाणा में स्मारक बनाया गया है। उन्होंने भी सत्यप्रकाश जरावता विधायक पटौदी एवं दीपक मंगला विधायक पलवल को ज्ञापन देकर सीएम साहब से प्रकट दिवस मनाने का प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य भगवत सरपंच उजीना एवं वार्ड नंबर एक का जिला परिषद सदस्य हर शरण भी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की जो कार्य कांग्रेस 70 साल में नहीं कर सकी वह कार्य भारतीय जनता पार्टी ने 10 साल के कार्यकाल में कर दिए हैं और सभी समाज के महापुरुषों का सम्मान के लिए स्मारक बनाए गए हैं। जैसे अंबेडकर स्मारक अभी कुरुक्षेत्र में संत रविदास स्मारक की नींव रखी और काशी एवं मगर उत्तर प्रदेश में 100 करोड रुपए की लागत से कबीर साहब का स्मारक तैयार किया जा रहा है ।ऐसे ही नागपुर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का तीर्थ स्थल तैयार करके अनुसूचित जाति का मान बढ़ाया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की की आने वाले लोकसभा चुनाव में इस बार अधिक से अधिक भाजपा प्रत्याशी को मेवात की आवाम वोट कर अधिक से अधिक वोटों से जीत कर लोकसभा भेजने का कार्य करें। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता गंगादान डागर द्वारा बेहतर प्रबंधन के लिए भी बधाई दी ।उन्होंने कहा कि गंगादान डागर भाजपा के बड़े सिपाही है वह मेवात में लंबे समय से कार्य कर रहे हैं।

# नूंह पुलिस को मिली बड़ी सफलता, प्रतिबिंब ऐप की मदद से तीस साइबर ठग दबोचे



**पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दो दिन तक चला विशेष अभियान, 50 मोबाइल, 90 सिम बरामद**

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** नूंह पुलिस को साइबर ठगों पर शिकंजा कसने में बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीते साल लॉन्च हुई प्रतिबिंब ऐप साइबर ठगों को दबोचने में कारगर साबित हुई है। डीजीपी और नूंह पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर नूंह में साइबर ठगों पर शिकंजा कसने के लिए एक दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान नूंह पुलिस ने अलग-अलग ठिकानों पर दबिश देकर 30 साइबर ठगों को धर दबोचा। सभी के विरुद्ध नूंह साइबर थाना पुलिस ने मुकदमे दर्ज किए हैं। सभी ठग फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, फर्जी बैंक खाते आदि तरीके अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी करते थे। इनके कब्जे से 50 मोबाइल और 90 सिम सहित कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। ये गिरोह तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली, एनसीआर के अलावा यूपी, दिल्ली इत्यादि राज्यों में ठगी को अंजाम देते थे। मिली जानकारी के मुताबिक देश के अलग - अलग कोनों में साइबर अपराध को अंजाम देने वाले कुछ ठगों की पहचान प्रतिबिंब ऐप के माध्यम से उपलब्ध हुई थी।

डीजीपी शत्रुजीत कपूर और नूंह पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया के दिशा निर्देश पर साइबर ठगों को दबोचने के लिए जिले में शनिवार - रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें जिले की सीआईए और साइबर थाना पुलिस की अलग - अलग गठित टीमों ने सक्रिय साइबर ठगों के ठिकानों पर छापेमारी कर दबोचा। जिनकी पहचान दीन मोहम्मद पुत्र इलियास निवासी बैंसी सदर थाना नूंह, राजुद्दीन पुत्र चाव खान निवासी हामिद कॉलोनी वार्ड नंबर 1 नूंह शहर, आसिफ पुत्र नियाज मोहम्मद निवासी पचगांव सदर थाना तावडू,आरिफ पुत्र आस मोहम्मद निवासी असाइसीका थाना नगीना, सरफराज पुत्र जहीर बसई थाना रोजका मेव,साकिब हुसैन उर्फ बाबा पुत्र मुजीब निवासी ढाड़ौली खुर्द थाना फिरोजपुर झिरका,इजारन पुत्र शेर मोहम्मद निवासी जेहटना थाना पिनगवां और मुनाजिर पुत्र अयूब खान निवासी खोरी खुर्द थाना टपूकड़ा जिला अलवर के अलावा अन्य आरोपी शामिल हैं। प्रतिबिंब पोर्टल से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी दीन मोहम्मद पर फर्जी सिम का प्रयोग कर लोगों को धोखाधड़ी देकर सस्ती गाड़ियां बेचने के नाम पर ठगी को अंजाम देता था ।जबकि राजुद्दीन नटराज पेंसिल पैकिंग के नाम पर एडवांस रकम लेकर लोगों से धोखाधड़ी करता था। आरोपी आसिफ और आरिफ पर फर्जी सोसल मीडिया प्रोफाइल बनाकर लोगों के साथ धोखाधड़ी करते थे ।जिसके लिए वह फर्जी दस्तावेजों का प्रयोग करते थे।

इसी प्रकार आरोपी सरफराज फर्जी सिम और फर्जी फेक आईडी के माध्यम से अपनी पहचान छुपा कर साइबर ठगी को अंजाम देता था। साकिब हुसैन पर गूगल और फोन पे के माध्यम से साइबर अपराध करने का आरोप है। इजारन फर्जी सिम के आधार पर लोगों से ठगी करता था,जबकि मुनाजिर फर्जी दस्तावेजों से तैयार सोशल मीडिया प्रोफाइल पर सस्ते दामों का वाहन विज्ञापन देकर ठगी करता था ।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले प्रतिबिंब ऐप के माध्यम से जब ठगों के पहचान हुई तो पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया के निर्देश पर इनके ठिकानों को चिन्हित किया गया। जिसके बाद एक विशेष अभियान चलाकर इन पर शिकंजा कसा है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान जारी रहेगा। साइबर ठगों को पकड़ने के लिए प्रतिबिंब ऐप कारगर हथियार है ।एप पोर्टल से जानकारी मिलने के बाद ही जिले में साइबर ठगों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चला। इस ऐप के माध्यम से पुलिस अपराधी की लोकेशन आसानी से पता लगा लेती है ।जब किसी के साथ ठगी होती है तो उसकी शिकायत भी की जाती है। जिस नंबर से ठग फोन करता है।

उसी ऐप की मदद से लोकेट कर साइबर ठगों को काबू किया जाता है। उन्होंने बताया कि साइबर थाना की घटना में शामिल आरोपी का मोबाइल नंबर जब मिलता है तो उस नंबर को प्रतिबिंब ऐप में फीड किया जाता है। जिसके बाद पुलिस को साइबर अपराधी को ट्रैक कर लोकेशन के बारे में जानकारी आसानी से मिलती है।

फिर संबंधित थाना पुलिस लोकेशन के आधार पर छापेमारी कर ठगों को गिरफ्तार कर लेती है। साइबर एसएचओ विमल कुमार के मुताबिक देर शाम तक यह आपरेशन चलाया जा रहा है। आरोपियों की संख्या 40 - 50 तक भी पहुंच सकती है। दूसरे राज्यों की पुलिस को भी इन साइबर ठगों के पकड़े जाने की जानकारी दे दी गई है। नूंह जिला साइबर क्राइम का हॉटस्पॉट जिला बनता जा रहा है, लेकिन प्रतिबिंब ऐप अब इन साइबरों ठगों को दबोचने में सफल साबित हो रहा है। इन साइबर ठगों की ईद अब जेल में ही मनेगी।










## किसान 6 अप्रैल तक ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर भरें फसल खराबे की सूचना: एसडीएम

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** जिला के गांवों में गत 29 मार्च को हुई भारी बारिश व ओलावृष्टि के कारण खराब फसलों के खराबे की सूचना प्रभावित गांवों के किसान 6 अप्रैल तक ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर भर सकते हैं। यह जानकारी एसडीएम रेवाड़ी विकास यादव ने दी। एसडीएम ने बताया कि डीसी राहुल हुड्डा के दिशा-निर्देशों की अनुपालना में राजस्व विभाग के अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा भी किया है। एसडीएम विकास यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन करने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल का दर्ज होना अनिवार्य है। सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 6 अप्रैल तक खोलने का निर्णय लिया है। इसके माध्यम से किसान अब सीधे ही आपदा से फसलों को हुए नुकसान की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। ऐसे किसान जिनकी फसल बारिश व ओलावृष्टि के कारण खराब हुई है, वे ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल ekshatipurti.haryana.gov.in/ पर आवेदन कर सकते हैं। इस पोर्टल के माध्यम से मुआवजा राशि 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा' पोर्टल पर उपलब्ध करवाए गए काश्तकार के सत्यापित खाते में सीधे जमा करवाई जाएगी। एसडीएम ने सभी तहसील अधिकारियों को आदेश दिए कि वे संवेदनशीलता के साथ प्राप्त दावों को सत्यापित करने का कार्य समय पर पूरा करें।

## एडवोकेट एमएल यादव की याद में होगा टी-20 राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** शहर के वरिष्ठ एडवोकेट स्वर्गीय श्री मांगे लाल यादव की याद में एमएल यादव मैमोरियल ऑल हरियाणा लॉयर्स टी-20 टूर्नामेंट का 4 दिवसीय आयोजन रेवाड़ी में 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए टूर्नामेंट के आयोजक एडवोकेट दीपक यादव, कैलाश यादव व कुणाल यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच रेवाड़ी के सेक्टर 18 के नजदीक स्थित नेक्सा एरा ग्राउंड में खेला जाएगा व बाकी ग्रुप मैचों का आयोजन मसानी क्रिकेट ग्राउंड, धारूहेड़ा ग्राउंड व कसौला चौक स्थित ग्राउंड में खेले जाएंगे। जिसमें प्रदेश भर से कुल 16 जिला बार एसोसिएशन की टीम भाग लेंगी। इन 16 टीमों को 4 ग्रुपों में बांटा गया है। चारों ग्रुप में टॉप रहने वाली टीमों का 14 अप्रैल को ही सेमीफाइनल खेला जाएगा व फाइनल मैच भी 14 अप्रैल को सेमीफाइनल जितने वाली टीमों के बीच मे होगा। विजेता टीम को ढ़ाई लाख व रनर अप टीम को सवा लाख की राशि नकद दी जाएगी। इस क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर संस्था व सभी एडवोकेट्स तैयारियों में जुटे हुए हैं। यह टूर्नामेंट 11 अप्रैल को प्रात: 9 बजे आरम्भ होगा।

## कैलाश चन्द जांगिड़ बने जांगिड़ ब्राह्मण जिला सभा के प्रधान




समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** रविवार को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा दिल्ली के तत्वाधान में जांगिड़ ब्राह्मण जिला सभा रेवाड़ी के अध्यक्ष पद के चुनाव विश्वकर्मा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी में शानति पूर्वक सम्पन्न हुये। जानकारी देते हुए महासभा के मीडिया प्रभारी धीरज जांगड़ा ने बताया कि कैलाश चन्द जांगिड़ ने कड़े मुकाबले में संजीव कुमार (संजू) को परास्त किया। देर सांय तक मतगणना करने के पश्चात विधिवत चुनाव अधिकारियों ने कैलाश चन्द जांगिड़ को रेवाड़ी जिला जांगिड़ ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने की घोषणा की व सभी ने कैलाश चन्द जांगिड़ को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। कैलाश चन्द जांगिड़ के जांगिड़ ब्राह्मण सभा रेवाड़ी के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने से पूरे समाज में हर्षोल्लास की लहर है। इस अवसर पर कैलाश चन्द जांगिड़ ने अपने अध्यक्ष पद के चुनाव शानति पूर्वक व अपने को निर्वाचित करने के लिये पूरे जांगिड़ समाज का हृदय की गहराई से आभार व्यक्त किया है।

## विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री विनायक राव देशपांडे ने किया रेवाड़ी नगर में प्रवास



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री विनायक राव देशपांडे का रेवाड़ी नगर में प्रमुख समाज सेवियों सीए अनिल कुमार, अशोक सोमाणी एवम राधिका यादव जिला संयोजिका मातृ शक्ति के यहां जाना हुआ। अनिल के परिवार से मिलकर उन्होंने संस्कार, संस्कृति एवम सभ्यता के विषय में चर्चा की। उन्होंने उपसथित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे संस्कार एवं संस्कृति कैसे बचा कर रखनी है, ये गहन विषय है। इस पर चर्चा एवम मंथन करने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शुरुआत अपने बच्चों को संस्कारित कर करनी पड़ेगी, तब समाज संस्कारित होगा। सीए अनिल ने शॉल भेंटकर देशपांडे का सम्मान किया। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री प्रेम शंकर, विभाग मंत्री संजय गुप्ता, जिला अध्यक्ष राधेश्याम मित्तल, उपाध्यक्ष नरेंद्र जोशी, जिला मंत्री राजकुमार यादव, समाजसेवी अजय मित्तल, पार्षद एवम नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंघल, जिला प्रचारक प्रदीप कुमार, जिला संघचालक रामोतार गौतम सहित संघ एवम विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता उपसथित रहे।

## नगर निगम द्वारा आदर्श आचार संहिता की पालना गंभीरता से की जा रही सुनिश्चित

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरूग्राम, 1 अप्रैल।** लोकसभा चुनावों के चलते लागू आदर्श आचार संहिता की पालना नगर निगम द्वारा गंभीरता से सुनिश्चित की जा रही है। इसके तहत निगम टीमें विभिन्न क्षेत्रों से राजनैतिक पार्टियों के होर्डिंग, बैनर, पंपलेट, स्टीकर आदि हटा रही हैं तथा दीवारों पर लिखे नारे व स्लोगन साफ किए जा रहे हैं। नगर निगम गुरूग्राम के अतिरिक्त आयुक्त एवं एमसीसी नोडल अधिकारी डा. बलप्रीत सिंह ने बताया कि चुनावों की घोषणा के साथ ही क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके तहत क्षेत्र में राजनैतिक पार्टियों के होर्डिंग, बैनर, पंपलेट, स्टीकर आदि प्रतिदिन उतारे जा रहे हैं तथा दीवारों पर लिखे नारे व स्लोगन मिटाए जा रहे हैं।

# हरियाणा के पूर्व डीजीपी भाटोटिया पंचतत्व में हुए विलीन, राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया



**रेवाड़ी।** सेना में लेफ्टिनेंट से पुलिस अधिकारी बने अहीरवाल बेल्ट के पहले आईपीएस अफसर हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजीत सिंह भाटोटिया का रविवार को निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ रेवाड़ी स्थित पैतृक गांव डूंगरवास में किया गया। बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। पूर्व डीजीपी काफी समय से गुरुग्राम में रहने के साथ ही अस्वस्थ चल रहे थे। हरियाणा के पूर्व डीजीपी यशपाल सिंहल, पूर्व डीजीपी एसएन वशिष्ठ, पूर्व डीजीपी अनिल राव, स्टेट विजिलेंस के आईजी कुलविंदर सिंह, रेवाड़ी रेंज के आईजी राजेंद्र सिंह, रेवाड़ी एसपी शशांक कुमार सावन, पंजाब के पूर्व मंत्री जगदीश जंग, रेवाड़ी विधायक चिरंजीराव, पूर्व मंत्री एमएल रंगा, पूर्व जिला प्रमुख सतीश यादव आदि अनेक गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे। श्री भाटोटिया के निधन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी शोक व्यक्त किया है। हम आपको बता दें 1968 बैच के आईपीएस अजीत सिंह भाटिया अहीरवाल इलाके के पहले आईपीएस अधिकारी थे।

पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल और चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की सरकार में वे पुलिस महानिदेशक रहे। इसके अलावा वे महानिदेशक जेल सहित विभिन्न जिलों में आईजी व पुलिस अधीक्षक के पदों पर रहे हैं। अजीत सिंह भाटोटिया मूल रूप से रेवाड़ी के गांव डूंगर वास के रहने वाले थे, फिलहाल वे अपने परिवार के साथ गुरुग्राम के सेक्टर 14 स्थित ओल्ड डीएलएफ में रहते थे। पूर्व डीजीपी के बेटे एवं पेशे से उद्योगपति संदीप भाटोटिया ने बताया कि उनके पिता ने मैट्रिक की परीक्षा रेवाड़ी के निखरी गांव के सरकारी स्कूल से पास की थी। अहीर कॉलेज रेवाड़ी से स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के बाद वे सेना में 2 मार्च 1968 को द्वितीय लेफ्टिनेंट के रूप में नियुक्त हुए। 1971 में पश्चिमी सेक्टर में पाकिस्तान के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाई। 1971 के बाद उन्हें मेजर पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवधि के दौरान उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा दी और आईपीएस के लिए चुने गए। जुलाई 1973 में पुलिस सेवा में शामिल हो गए हालांकि गैजेटेड ऑफीसर होने के चलते उन्हें 1968 बैच का अधिकारी माना गया।

अजीत सिंह भाटोटिया ने एसपी के रूप में सिरसा, जींद, सोनीपत और गुरुग्राम जिलों में सेवाएं दी व रोहतक और गुरुग्राम रेंज में डीआईजी भी रहे। अजीत सिंह भाटोटिया को उच्च कमान पाठ्यक्रम के लिए इंग्लैंड भेजा गया था। उन्हें 1999 में हरियाणा डीजीपी के रूप में पदोन्नति किया गया था व जून 2005 में वे इस पद से रिटायर हो गए थे। हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने अजीत सिंह भाटिया को अंतिम सलामी दी।

# यह चुनाव हम सबके लिए अग्नि परीक्षा, समर्पण भाव से कार्य करें: दुष्यंत चौटाला



**प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पार्टी प्रत्याशी राव बहादुर सिंह के समर्थन में देर शाम को अटेली हलके में की ग्रामीण जनसभाएं**

समाचार गेट ब्यूरो

**नारनौल।** यह लोकसभा चुनाव हम सबके के लिए अग्नि परीक्षा है और यही चुनाव आने वाले विधानसभा चुनावों की नींव भी रखेगा। इसलिए राव बहादुर सिंह के पिछले चुनाव में जो कमी रह गई थी, उसकी भरपाई इस चुनाव में करने का काम करें और सभी कार्यकर्ता तन-मन से समर्पित होकर इनकी जीत के लिए कार्य करें और इन्हें सबसे अधिक मतों से जीताकर लोकसभा में भेजें।

उक्त आह्वान प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने देर शाम को अटेली हलके के गांव दौंगड़ा अहीर, भोजावास, करीरा व सेहलंग में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित करते हुए किया। इन ग्रामीण जनसभाओं में लोगों ने भारी जनसमूह के रूप में एकत्रित होकर अपने लाडले का भरपूर गर्मजोशी से स्वागत किया और पार्टी को खुला समर्थन दिया। इस मौके पर महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा क्षेत्र से जजपा उम्मीदवार राव बहादुर सिंह समेत अनेक नेतागण उनके साथ थे। अध्यक्षता जिला प्रधान डा. मनीषा शर्मा ने की।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा सीट से राव बहादुर सिंह पहले भी हमारी पार्टी से चुनाव लड़ चुके हैं। तब यह दूसरे स्थान पर रहे थे, लेकिन अबकी बार उस कमी को नहीं रहने देना है तथा इन्हें जीताकर नंबर एक पर लाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को बूथवाइज काम करना होगा।

प्रत्येक गांव-गली की वोटर लिस्ट ले लें और डोर-टू-डोर करने के साथ ही एक-एक वोटर से व्यक्तिगत रूप से जाकर मिलें। उन्हें जजपा की खासकर चौधरी देवीलाल की नीतियों से अवगत कराएं। यदि कोई पुराना कार्यकर्ता हमसे रूठा हुआ है तो उससे बात करें, उसके मन की सुनें और उसे अपने पक्ष में लेकर आएं। पार्टी के साथ जोड़ें और प्रत्याशी के हाथ मजबूत करें। उन्होंने कहा कि 20 प्रतिशत वोटर ऐसे होते हैं, जो वोट डालने ही नहीं जाते। इसलिए ऐसे वोटरों की अभी से पहचान करना शुरू कर दें। ऐसे वोटरों के घर जाएं और उन्हें अपने पक्ष में करके मतदान केंद्र तक पहुंचाकर वोट जरूर डलवाने का काम करें। उन्होंने कहा कि हमने साढ़े चार साल की सत्ता में बहुत सारे विकास एवं जनकल्याण के कार्य किए हैं। वृद्धों को बार-बार बुढ़ापा पेंशन बढ़वाकर लाभ पहुंचाया है, वहीं हमने निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं के हक 75 प्रतिशत आरक्षित करवाए थे। इसी प्रकार बीसी वर्ग को पंचायती राज में आठ प्रतिशत आरक्षण का हक दिलवाया। महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिलवाया।

उन्होंने कहा कि राशन डिपुओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा निर्धारित करवाया। हमारी पार्टी ने सरकार में रहते हुए प्रदेश में सड़कों का मजबूत जाल बिछाया। 14 फसलें एमएसपी में शामिल करवाकर किसानों को भारी लाभ पहुंचाया। उन्होंने कहा कि बूंद-बूंद से समुंदर बनता है और जजपा को हम सबको मिलकर वही समुंदर बनाना है। इसके लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करना होगा और घरबार छोड़कर फील्ड में जाकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के चुनाव में अभी काफी समय बाकी है और तब तक सभी घरों एवं वोटरों को कवर करने काम पूरा कर लें।

इस मौके पर जजपा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह ने भी ग्रामीणों से उन्हें जीताने का आह्वान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवर सिंह कलवाड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, राव रमेश पालड़ी, एडवोकेट तेजप्रकाश यादव, राव सुरेश शास्त्री, सिकंदर गहली, सुविधा शास्त्री, युद्धवीर पालड़ी, कुलदीप कलवाड़ी, रविंद्र गागड़वास, बेदू राता, राजकुमार खातोद, संजीव तंवर, जिला पार्षद सचिन, जिला पार्षद मुन्नीपाल, डा. राजकुमार यादव, कर्मबीर यादव, महीपाल नंबरदार, सुमन कारिया, कंवर सिंह नंबरदार, विरेंद्र उन्हानी, लक्खी सोनी, संदीप खोरी, सन्नी यादव, पितांबर तंवर, धर्मेंद्र रोहिल्ला, अनुज कौशिक, थावर सिंह, शेरसिंह, जगदीश, भंवरसिंह, भीमसिंह व दीपक भोजावास आदि मौजूद थे।

## डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से की बैठक

**सभी पुलिस अधिकारियों को अपने कार्यों को लेकर होनी चाहिए स्पष्टता, सुनिश्चित करें आदर्श आचार संहिता की पालना**

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर ने आज प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की और चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण मतदान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री कपूर ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारियों को अपने कार्यों को लेकर स्पष्टता होनी चाहिए ताकि चुनाव को शान्तिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाया जा सके। श्री कपूर ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हरियाणा में 25 मई को लोकसभा के आम चुनाव होने जा रहे हैं जिन्हें शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाना हम सभी का उत्तरदायित्व है। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने सहित चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। श्री कपूर ने कहा कि चुनाव से पहले तथा चुनाव के समय पुलिस विभाग में प्रत्येक स्तर के अधिकारी को अपने उत्तरदायित्वों की जानकारी होनी चाहिए ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू ढंग से चल सके। कोई भी अधिकारी चुनाव ड्यूटी को लेकर अपने मन में किसी प्रकार का संशय ना रखें और उसे समय रहते दूर कर लें। श्री कपूर ने बैठक में पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिला पुलिस अधीक्षक जिलों की पुलिस फोर्स की ऑडिट ठीक प्रकार से कर ले क्योंकि चुनाव से एक दिन पहले तथा चुनाव के दिन अपेक्षाकृत अधिक पुलिस फोर्स की आवश्यकता पड़ती है। इसके अलावा, यह भी बताया गया कि अंतरराज्यीय सीमाओं पर लगाए जाने वाले नाकों पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था श्री संजय कुमार ने भी चुनाव ड्यूटी को लेकर अपने विचार रखें। इसके अलावा उन्होंने बैठक में चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने को लेकर भी सबको निर्देशित किया।

बैठक में आईजी अंबाला श्री सिबाश कविराज ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से चुनाव की तैयारी एवं आदर्श आचार संहिता को लेकर मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। श्री कविराज ने बैठक में पुलिसकर्मियों के अलग-अलग स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिलों में अलग - अलग स्तर के अधिकारियों की अध्यक्षता में टीमें जैसे स्टेटिक सर्विलांस टीम, फ्लाइंग स्क्वायड टीम, क्विक रिस्पांस टीम आदि सहित कई अन्य टीमें तैनात की जानी हैं। पुलिसकर्मियों को इन टीमों का हिस्सा रहते हुए किस प्रकार कार्य करना है, इसकी जानकारी उन्हें होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी, आर्म लाइसेंस वेरीफाई करने अथवा उन्हें जमा करवाने सहित चुनाव सेल की भूमिका के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा, श्री कविराज ने कहा कि पुलिसकर्मियों को आदर्श आचार संहिता के तहत दिए गए मानदंडों के बारे में जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है और सभी को उसी अनुरूप अपना कार्य करना है।

श्री कविराज ने कहा कि चुनाव के दौरान तैयार की जाने वाली सभी रिपोर्ट्स बिल्कुल सटीक होनी चाहिए। इसके अलावा, पुलिस अधीक्षक पुलिस फोर्स की तैनाती बारे तथा एक अच्छा और प्रभावी कम्युनिकेशन प्लान समय रहते तैयार कर लें ताकि उन्हें बाद में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस अधिकारियों को चुनाव के दौरान प्रीवेंटिव एक्शन के बारे में आवश्यक जानकारी होनी चाहिए। अंत में पुलिस महानिदेशक ने जोर देते हुए सबको निर्देशित किया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों को अक्षरश: पालन करना सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था श्री संजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आधुनिकीकरण श्री अमिताभ ढिल्लों, आईजी कानून एवं व्यवस्था श्री हरदीप दून, एआईजी एडमिन श्रीमती मनीषा चौधरी, एआईजी प्रोविजनिंग श्री कमलदीप गोयल उपस्थित थे।

## नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री छापने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई : जिला निर्वाचन अधिकारी

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया




**रेवाड़ी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को यह भी निर्देश दिए हैं कि चुनाव से संबंधित हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य छापें। उन्होंने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित की हुई है इसलिए यह जरूरी है कि उनके पम्पलेट व पोस्टर आदि के खर्च का भी पूरा हिसाब किताब रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि उसी स्थिति में छापें जब सामग्री छपवाने वाला व्यक्ति हलफनामे के साथ दो गवाह दें और उनके हस्ताक्षर भी लेने जरूरी हैं। ऐसे पोस्टर व पम्पलेट आदि छापने के बाद उनकी एक कॉपी जिला मजिस्ट्रेट को भेजनी होगी और राज्य स्तर पर मुख्य चुनाव अधिकारी को कॉपी भेजकर यह बताना होगा कि अमुक व्यक्ति ने चुनाव से संबंधित कितनी संख्या में पोस्टर अथवा पम्पलेट छपवाएं है और उनके खर्च का भी विवरण देना होगा। उन्होंने कहा कि कॉपी से कॉपी करना भी इसी श्रेणी में आता है। चुनाव पम्पलेट/पोस्टर का अर्थ प्रचार के लिए प्रयोग किए जाने वाले उन सभी कागजातों से है, जिनमें किसी भी राजनैतिक दल या लोकसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार से संबंधित प्रचार की जानकारी हो।

## बदमाशों की बाइक से टकराई छात्र की स्कूटी, छात्र को पीटा फिर मेडीकल स्टोर पर चलाई गोली



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** शहर में सोमवार दोपहर आजाद चौक पर मामूली कहा सुनी के बाद बाइक सवार बदमाशों ने पहले छात्र को पीटा फिर उसे छुड़ाने आए रिश्तेदारों पर भी हमला बोल दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने फायरिंग भी की। जहां एक मेडिकल की शाप चलाने वाला युवक बाल बाल बच गया वहीं मेडिकल स्टोर का शीशा चकनाचूर हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आनंद नगर निवासी मदनलाल का बेटा रोहित धारूहेड़ा चुंगी स्थित एक निजी स्कूलों में दसवीं कक्षा का छात्र है। रोजाना की तरह स्कूल से छुट्टी होने के बाद रोहित अपने एक दोस्त के साथ स्कूटी पर घर आ रहा था रास्ते में आजाद चौक पर उनकी स्कूटी एक बाइक सवार से मामूली रूप से टकरा गई। इसी बात को लेकर बाइक सवार दो युवकों ने रोहित को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। उसका दोस्त स्कूटी लेकर निकल गया वहीं रोहित को पिटता देख आसपास में ही मेडिकल स्टोर चलाने वाले गिरिराज मौके पर पहुंचा और रोहित को छुड़ाया। शोर शराबा सुनकर रोहित का दादा राम सिंह भी पहुंच गया। दोनों आरोपियों ने न केवल दादा को देख लेने की धमकी दी बलिक रामसिंह और गिरिराज के साथ मारपीट भी की। इतना ही नहीं फोन कर आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया। कुछ ही मिनट में दो बाइक पर चार लड़के और आ गए। आरोपियों ने आते ही मेडिकल स्टोर पर धावा बोल दिया इतना नहीं एक युवक ने पिस्तौल निकाल कर फायरिंग कर दी। गोली मेडिकल स्टोर पर लगे शीशे में लगी जिससे शीशा टूट गया वहीं मेडिकल स्टोर के अंदर मौजूद गिरिराज की जान बाल बाल बच गई। फायरिंग के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपी बदमाश बताए जा रहे हैं। थाना शहर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 'सुण ल्यो भाई सारे मतदाताओं, वोट डाल कै आणा सै...'

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** 'सुण ल्यो भाई सारे मतदाताओं, वोट डाल कै आणा सै, अपणे हाथां तै थमनै भारत का भाग्य बनाना सै...' सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम के कलाकारों द्वारा इस प्रकार के लोक गीतों व भजनों का प्रयोग स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियों के तहत मतदाताओं को जागरूक व प्रेरित करने के लिए किया जा रहा है। जिला प्रशासन रेवाड़ी व विभाग की ओर से विभिन्न प्रचार माध्यमों व सोशल मीडिया के माध्यम से भी मतदाताओं को वोट डालने के प्रति उत्साहित किया जा रहा है ताकि जिला में मतदान प्रतिशत में प्रभावी बढ़ोतरी हो। स्वीप गतिविधियों के लिए एडीसी अनुपमा अंजलि बतौर नोडल अधिकारी कार्य करते हुए गतिविधियों के सफल आयोजन की मॉनिटरिंग कर रही हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रेवाड़ी जिला प्रशासन की ओर से लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बावल व रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र तथा रोहतक लोकसभा क्षेत्र में आने वाले वाले कोसली विधानसभा क्षेत्र में स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियां प्रभावी रूप से जारी हैं। सोमवार को बावल, कोसली व रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को 25 मई को लोकसभा आम चुनाव के दिन बढ़चढक़र मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित किया गया। स्वीप गतिविधियों के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की प्रचार टीम द्वारा गांव-गांव जाकर ग्रामीण मतदाताओं को लोकगीतों, भजनों व आम बोलचाल की भाषा में 25 मई को मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट डालने के लिए प्रेरित व जागरूक किया गया। इसके अलावा स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न विभागों की ओर से डोर-टू-डोर संपर्क करते हुए, मुनादी करवाकर, मतदाता जागरूकता शपथ दिलाकर, व्याख्यान, हस्ताक्षर अभियान, मानव श्रृंखला, रंगोली, नुक्कड़ नाटक व लोकगीतों के माध्यम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। डीसी ने आह्वान किया कि मतदाता मतदान प्रक्रिया में भाग लें और मतदाता होने पर गर्व व गौरव की अनुभूति करें। जिला में लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से आगामी 25 मई तक स्वीप गतिविधियां जारी रहेंगी।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# सुप्रीम कोर्ट : कांग्रेस को आयकर नोटिस में फिलहाल 'राहत', लोकसभा चुनाव तक नहीं होगी कोई कार्रवाई

**सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने भरोसा दिया कि अभी लोकसभा चुनाव का समय चल रहा है, लिहाजा हम इन पैसों की रिकवरी को लेकर कोई करवाई नहीं करेंगे।**





**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली, 1 अप्रैल।** आयकर विभाग के नोटिस मामले में कांग्रेस को कुछ दिनों के लिए राहत मिल गई है. सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने भरोसा दिया कि अभी लोकसभा चुनाव का समय चल रहा है, लिहाजा हम इन पैसों की रिकवरी को लेकर कोई करवाई नहीं करेंगे. कांग्रेस ने मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है ।जस्टिस बी. वी. नागरत्ना की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की. आयकर विभाग की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील रखीं ।

तुषार मेहता ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा, हमनें 1700 करोड़ का नोटिस भेजा है, लेकिन लोकसभा चुनाव आ रहे हैं, हम फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं करेंगे । इनकम टैक्स ने कोर्ट को भरोसा दिया कि अभी चुनाव का समय चल रहा है, लिहाजा हम इन पैसों की रिकवरी को लेकर कोई करवाई नहीं करेंगे । मामले की सुनवाई जून महीने में की जाए, तब तक कोई कार्रवाई नहीं होगी. ।

एसजी तुषार मेहता ने कोर्ट की सुनवाई के दौरान कहा, 2024 में 20 प्रतिशत भुगतान करने का विकल्प दिया गया. 135 करोड़ रुपये वसूले गए, बाद में 1700 करोड़ रुपये की डिमांड की गई है. इसलिए मामला बाद में बढ़कर 1,700 करोड़ रुपये का हो गया ।यह पूरा मामला चुनाव बाद तय हो सकता है. हम तब तक कोई कार्रवाई नहीं करेंगे. ।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- क्या आपने जो डिमांड की है, उसे स्थगित कर रहे है ? सॉलिसिटर जनरल ने जवाब दिया- नहीं हम बस ये कह रहे है की हम चुनाव तक कोई कार्रवाई नही करेंगे । मामले की सुनवाई जून के दूसरे हफ्ते में की जाए. मांग चाहे 1700 करोड़ है या 3500 करोड़, ये मामला यहां इस केस में लंबित नहीं हैं ।हमारा बयान रिकॉर्ड किया जाए या नहीं कि हम चुनाव खत्म होने तक कांग्रेस के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं करेंगे ।

वहीं, कांग्रेस के लिए अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ये 3500 करोड़ रुपये की मांग है. सब पर कार्रवाई ना हो।

**ये है पूरा मामला**

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है. सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी. आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है. सूत्रों के मुताबिक, ताजा नोटिस 2014-15 (663 करोड़ रुपये), 2015-16 (करीब 664 करोड़ रुपये) और 2016-17 (करीब 417 करोड़ रुपये) से संबंधित हैं ।अधिकारियों ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली कर छूट समाप्त कर दी है और पार्टी पर कर लगा दिया है । कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें करीब 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है। कर अधिकारियों ने पिछले वर्षों से संबंधित कर मांग के लिए पार्टी के खातों से 135 करोड़ रुपये पहले ही निकाल लिये हैं ।


# करण दलाल को ही मिलेगा लोकसभा का टिकट: लुकमान रमीज



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फ़रीदाबाद।** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पूर्व केबिनेट मंत्री करण दलाल के कार्यालय पर बैठकों का दौर जारी है। आज की बैठक के बाद कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष माइनोरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल से लुकमान रमीज़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सूत्रों की मानें तो टिकट बंटवारे को लेकर अंतिम फैसला लिया जा चुका है। 10 अप्रैल के पहले हफ्ते में टिकट की घोषणा होना संभव है। पार्टी चाहती है कि फरीदाबाद लोकसभा से कोई सीनियर नेता ही चुनाव लड़े। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस करण दलाल को टिकट दे सकती है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लुकमान रमीज का इस बारे मैं कहना है कि राजनीतिक ताकत की बात करें तो मुख्य मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस का ही रहा है। कांग्रेस पार्टी से इस समय करण दलाल मजबूत उम्मीदवार है। लुकमान का कहना है कि आचार संहिता लागू हो चुकी है, ऐसे में देर से टिकट घोषित होने से चुनावी तैयारियों के लिए बहुत कम समय मिलेगा। इस अवसर पर केवलराम सागरपुर, सतीश कुमार सागरपुर, सूबेदार पतराम बडगूजर, रामप्रकाश जोशी फतेहपुर, सूरज नरहावली, शहाबुद्दीन सीकरी, बिपिन कुमार वार्ड नंबर 3 एनआईटी फरीदाबाद आदि मौजूद थे।




# हरियाणा सरकार में मंत्री व हिसार लोकसभा प्रत्याशी के विवादित बयान पर विधायक नीरज शर्मा ने जताया रोष

**बहुत दुख होता है कि जब इस भष्ट्र भाजपा सरकार के नेता जातियों का वर्गीकरण करने एंव सभी जातियों को अपमानित करने का काम करते है जोकि इनके अंदर भरे जहर को दर्शाता है।**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**दिल्ली/चंडीगढ़/फरीदाबाद, 01 अप्रैल।** हरियाणा सरकार में मंत्री व हिसार लोकसभा प्रत्याशी द्वारा दिया गए ब्यान पर विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि बहुत दुख होता है कि जब इस भष्ट्र भाजपा सरकार के नेता जातियों का वर्गीकरण करने एंव सभी जातियों को अपमानित करने का काम करते है जोकि इनके अंदर भरे जहर को दर्शाता है।

विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि इस भाजपा सरकार ने हमेशा से ब्राह्मण समाज का अपमान करने का काम किया है। चाहे फरशे से गला काटने की बात हो, हिसार में सुभाष शर्मा का मामला हो, चाहे युवराज शर्मा का मामला हो, हमारी ढोली की जमीन का मामला हो, चाहे विधानसभा में नमूना कहने का मामला हो, इस भष्ट्र भाजपा सरकार ने हमेशा से ब्राह्मण समाज का अपमान करने का काम किया है। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा समाज में भाईचारे का संदेश दिया है। टीम पंडित जी, काग्रेंस पार्टी इस बयान की पुरजोर निंदा करती है। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि इस ब्यान पर हिसार लोकसभा प्रत्याशी के साथ पूरी भाजपा पार्टी को समाज से मांफी मांगनी चाहिए।

